

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17



5 अडाणी एंटरप्राइजेज का चौथी-तिमाही में मुनाफा 38 प्रतिशत सम्पादकीय | दिल्ली के स्कूलों में बम रखे होने | टीरा ब्यूटी ने लॉन्च किया नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 5



वर्ष 18 ● अंक 110 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online ग्वालियर, शुक्रवार 03 मई 2024 email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## पीएम मोदी का आरोप-पाकिस्तान चाहता है कांग्रेस का शहजादा प्रधानमंत्री बने

आर.एन.एस.

आणंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। गुरुवार को पीएम ने आणंद की जनसभा में कहा, भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यहां कांग्रेस मर रही है तो वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए पाकिस्तान के आका दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पाकिस्तान और कांग्रेस की यह पार्टनरशिप पूरी तरह एक्सपोज हो गई है।



मोदी ने सुरेंद्रनगर में अपनी दूसरी जनसभा में कहा- कांग्रेस हमेशा रॉन्ग डिलीवरी करने वाली पार्टी रही है। देश को आजादी दिलवाने की जगह उन्होंने देश को ही विभाजित कर दिया। देश का विकास करने के बजाय उन्होंने जो कुछ था, उसे ही लूट लिया। गरीबों का पैसा कांग्रेस के खजाने में पहुंच गया। आज ये पार्टी राम और शिव भक्तों को आपस में लड़ाना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भगवान राम और भगवान शिव को लेकर एत खतरनाक बयान दिया था। ये हिंदू समाज को बांटने का खेल खेल रहे हैं। राम भक्तों और शिव भक्तों को आपस में लड़ाना चाहते हैं। लेकिन, हमारी हजारों साल की महान परंपरा को कोई नहीं तोड़ सकता। मुगल नहीं तोड़ पाए तो अब कांग्रेस हमें तोड़ना चाहती है।

पाकिस्तान के हाथों में आज भीख का कटोरा उन्होंने कहा, पाकिस्तान में आतंकवाद का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंक एक्सपोर्ट करता था, आज वह आटे के इम्पोर्ट के लिए दर-दर भटक रहा है। कभी जिसके हाथ में बम-गोला होता था, उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी, लेकिन मोदी की मजबूत सरकार देखिए, डोजियर देने में टाइम खराब नहीं करती, आतंकियों को घर में घुसकर मारती है।

## कोरोना काल में पीएम ने देशवासियों की जान बचाई, यह हमारे लिए अच्छी बात : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**देवास, राजगढ़, सागर ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में उज्जैन उत्तर विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन एवं संत समागम में शिरकत करने के साथ ही देवास लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में आगर, राजगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में बोड़ा, चाचौड़ा व मकसूदनगढ़ एवं सागर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े के समर्थन में सिरोंज में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेसी न राम के हुए, न राष्ट्र के हुए और राज्य का तो पहले ही दिग्विजय सिंह ने बंटाढार कर दिया। अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बन गया तो कांग्रेस को लगा कि उनका वोट बैंक लुट गया है। इसके लिए वे 70 वर्षों तक श्रीराम मंदिर निर्माण में अड़ंगा लगाते रहे। यह चुनाव सनातन संस्कृति और सनातन संस्कृति को गाली देने वालों के बीच में है। कोरोना काल में जब हर तरफ हाहाकार मचा हुआ था उस समय हनुमान भक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने देशवासियों की जान बचाई।



**कांग्रेस के न वचन का ठिकाना है, न ही पार्टी का ठिकाना है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस बार का चुनाव भाजपा-कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन का चुनाव नहीं है, बल्कि इस बार का चुनाव तो सनातन संस्कृति और सनातन संस्कृति को गाली देने वालों के बीच का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी हमारी सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। वे देश का मान-सम्मान दुनियाभर में बढ़ा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और इसके घमंडिया गठबंधन ने हमेशा से देश की सनातन संस्कृति को बदनाम करने का काम किया है। हम सनातन संस्कृति को पूजन वाले, मानने वाले लोग हैं, लेकिन कांग्रेस और इनके नेता दिग्विजय सिंह सनातन संस्कृति का मजाक उड़ाने वाले हैं। वे आतंकवादियों को जी कहकर संबोधित करते हैं। उन्होंने उनके चुनाव प्रचार के लिए 200 मौलवी बुलवाए हैं। कांग्रेस के न तो वचन का ठिकाना है, न उनकी पार्टी का ठिकाना है और न ही उनका भगवान श्रीराम के साथ कोई ठिकाना है। हम तो भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, बाबा महाकाल को पूजन वाले लोग हैं।

**कांग्रेस के इतने पाप कि डिक्शनरी कम पड़ जाए**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने 70 सालों में इतने पाप कर डाले कि इनके पापों की डिक्शनरी भी कम पड़ जाए। इनके पापों का घड़ा भरा चुका है और अब फूटने वाला भी है। हमने 500 वर्षों तक अपने अराध्य के मंदिर का सपना देखा। आजादी के बाद से लगभग 70 वर्षों तक कांग्रेस ने देश में शासन किया, लेकिन वे भगवान श्रीराम को गर्भगृह में विराजमान नहीं करवा पाए। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने यह बीडा उठाया तो इसमें भी कई अड़ंगे लगाए। जब सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया तो उस पर भी आपत्ति उठाई। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हमारे मुस्लिम भाइयों ने भी स्वागत किया और उन्होंने भी भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का आनंद लिया, लेकिन कांग्रेस वाले कोई नहीं आए। अब वे वोट मांगने के लिए आ रहे हैं तो उनसे पूछना कि एक फोटो दिखाओ भगवान श्रीराम के साथ में तो नहीं दिखा पाएंगे।

## जेपी नड्डा ने कहा-जब तक भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं तब तक एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण कोई नहीं छीन पाएगा

**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज बृहस्पतिवार को मध्यप्रदेश के सागर लोकसभा क्षेत्र के सिरोंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के भ्रष्टाचार और विभाजनकारी नीतियों पर करारा प्रहार किया। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और सागर प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े ने भी जनसभा को संबोधित किया।



जगत प्रकाश नड्डा जी ने कहा कि यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प लेने का चुनाव है। 20 वर्ष पहले मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था। बीमारू का अर्थ 'ब' से बिहार, 'म' से मध्यप्रदेश और 'र' से राजस्थान हुआ करता था। लेकिन जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार मध्यप्रदेश में बनी है, तबसे मध्य प्रदेश सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ गया और अग्रणी राज्य के रूप में खड़ा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। 10 वर्ष पूर्व भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था, मगर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की कुशल नीतियों के कारण आज विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का अर्थव्यवस्था विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बन जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी ने कहा कि आज भारत ऑटोमोबाईल मेन्यूफैक्चरिंग में तीसरे और दवाई बनाने के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है। भारत दुनिया को सबसे सस्ती और असरदार दवा निर्यात कर रहा है, भारत का दवा निर्यात 138त्न तक बढ़ा है और भारत दुनिया की डिस्पेंसरी बन गया है। 10 साल पहले देश के लगभग सभी मोबाईल फोन चीन और जापान में निर्मित किए जाते थे, मगर आज लगभग 97त्न मोबाईल का विनिर्माण भारत में ही किया जा रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों ने देश के गांव, गरीब, दलित, वंचित, पीड़ित, शोषित, युवा, किसान और महिलाओं को ताकत प्रदान की है।

### एलजी ने दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारियों को किया बर्खास्त

नई दिल्ली। दिल्ली एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी। आदेश में डीसीडब्लू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन एलजी की मंजूरी के बिना 223 नए पद बनाए गए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुरैना में करेंगे रोड शो

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 03 मई शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में मुरैना नगर में विशाल रोड-शो करेंगे। रोड-शो में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी मौजूद रहेंगे।

कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रोड-शो शुक्रवार अपरान्ह 3 बजे जीवाजीगंज स्थित रामजानकी मंदिर से प्रारंभ होगा। यहां से अग्रसेन पार्क होते हुए रोड-शो वेयर हाऊस रोड पर पहुंचेंगा। जिसके बाद गर्ल्स स्कूल रोड,



गोपीनाथ की पुलिया, महामाया मंदिर, रुई की मंडी चौराहा, सदर बाजार, हनुमान चौराहा, ओव्हर ब्रिज चौराहे से पुरानी कलेक्ट्रेट होकर गणेशपुरा की पुलिया पर पहुंचेंगा। यहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्व. जाहर सिंह शर्मा कक्का की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर रोड-शो का समापन किया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता ने संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से रोड-शो में शामिल होकर उसे सफल बनाने की अपील की है। जिलाध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के रोड-शो का नगर में अनेकों जगहों पर पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया जाएगा।

## तंवरघार का क्षेत्र वीर शहीदों व क्रांतिकारियों की भूमि है : विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर

### दिमनी विधायक व विस अध्यक्ष ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में ली जनसभाएं







-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** दिमनी विधायक एवं मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि मुरैना जिले के तंवरघार की भूमि वीर शहीदों एवं क्रांतिकारियों की जननी है। देश को आजादी दिलाने में तंवरघार के सपूत पं. रामप्रसाद बिस्मिल ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। इस भूमि के राष्ट्रभक्त युवा अब सेना में भर्ती होकर देश की सीमाओं पर भारतमाता की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर, गुरूवार को अम्बाह क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क एवं सभाओं में उपस्थित ग्रामीणजन को संबोधित कर रहे थे।

श्री तोमर ने गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में अम्लिहेड़ा, बरबाई, बसई, रूअर, रछेड़, लुधावली, पिपरई, पालि, परीक्षत का पुरा और हिंगावली गांवों में पहुंचें। जहां उन्होंने सभाओं को संबोधित किया। गुरुवार की शाम को श्री तोमर अंबाह कस्बे में व्यापारी वर्ग की बैठक में शामिल हुए। सभाओं में ग्रामीण मतदाताओं से रूबरू होकर विस अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना मजबूत हुई है। सेना को मोदी सरकार ने ईंट का जबाव पत्थर से देने की खुली छूट दे रखी है, जिसका परिणाम है कि अब भारत की सेना अपने दुश्मनों को खदेड़ती ही नहीं बल्कि उनके घर में घुसकर मारती है। श्री तोमर ने कहा कि अयोध्या में रामलला के मंदिर का संघर्ष 500 सालों से चल रहा था। पीएम मोदी के दृढ़ निश्चय से मंदिर का निर्माण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मना रहा था। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमंत्रण को ठुकराकर भगवान राम का अपमान करने का पाप किया।

विस अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि बीते 10 सालों में मुरैना-श्योपुर जिले में विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए है। उसैदघाट पर पक्का पुल का काम पूर्णता की ओर है। अंबाह अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट, सीटी स्कैन मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। तंवरघार के युवाओं के लिए पोरसा में हॉर्टीकल्चर कॉलेज की स्थापना की गई है। श्री तोमर ने ग्रामीणों से मजबूत और सशक्त भारत के निर्माण के लिए 7 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आव्हान किया।

इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह तोमर, प्यारे सिंह तोमर, बच्चूलाल गुप्ता, पूर्व विधायक कमलेश सुमन, सोबरन सिंह गुर्जा, गजेन्द्र परमार, जिनेश जैन, साहब सिंह तोमर, खेमसिंह भदौरिया, कविन्द्र तोमर, साधु राठौर, सुरेन्द्र सिंह कक्का, अखिलेश शर्मा, कंचन चौहान, जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया उपस्थित थे।

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा- सिंधिया परिवार के लिए जनसेवा ही मुख्य लक्ष्य है

### माताओं और बहनों को धुप से छाय में बुलाया और कुर्सियों पर बैठाया, कहा- मातृशक्ति के बिना देश विकास और प्रगति नहीं कर सकता

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**शिवपुरी।** ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने भाषण में बताया कि लालगढ़ में पहले सड़कें नहीं पगडण्डी हुआ करती थी। आज लालगढ़ से लेकर एक एक गांव तक मैंने पगडण्डी आपके शब्दकोष से निकाल दी है और मखमल की सड़कें बना दी। शिवपुरी से लालगढ़ की जिस सड़क पर पहले बैलगाड़ी नहीं चल पाती थी आज वहां 90 km/h की स्पीड से गाड़ी चलती है। इसके साथ ही रु 100 करोड़ की सड़क पिपरसमा से छर्च (पुरानी पोहरी) तक भी जल्दी ही तैयार हो जाएगी। छर्च पिछड़ा क्षेत्र होता था जहाँ कोई नहीं आता था - मैंने आप सभी के लिए छर्च में सड़क बनाई, तालाब बनवाया, डीपी और ट्रांसफार्मर लगवाया, अभी और 20 साल पहले के लालगढ़ में जमीन आसमान का फर्क है।



जिस कोटा गाँव में एक भी पक्के घर नहीं होते थे वहां आज आवास योजना के आधार पर 105 घर बने हैं। बीरा, मोहनगढ़, बलो कलां में सबस्टेशन लगवाए और डीपी और ट्रांसफार्मर तो हर गांव में लगवाई। ग्वालियर से लुकवासा की सड़क जो 2 लेन की सड़क होती थी उसे आज 6 लेन के हाईवे में परिवर्तित कर देवास तक पहुंचाया है।

***दुःख और संकट के समय में ज्योतिरादित्य सिंधिया सदैव आपके साथ खड़ा रहेगा***

मार्च 2024 में पूरे क्षेत्र में ओला वृष्टि हुई थी जिससे 25000 किसानों की फसल को नुक्सान पहुंचा। मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्याद करता हूँ जिनके सहयोग से हमने 48 घंटे के अंदर सर्वे करवाया और मुआवजा राशि का पत्र किसान भाई - बहनों के हाथों में दिया। पास ही स्थित रायश्री गाँव है जहाँ हमने 1 करोड़ 75 लाख की मुआवजा राशि किसान भाई बहनों को दी जा रही है। यह डबल इंजन की सरकार का कमाल है।



## कांग्रेस सभी लोगों को साथ लेकर चलती है: प्रियंका गांधी

### कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार के समर्थन में ली जनसभा







-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी गुरूवार को मुरैना आईं। वे यहां कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) के समर्थन में जनसभा कर रही थीं। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू आदि मौजूद थे।

प्रियंका गांधी ने मंच पर आते ही पटिया वाले बाबा के जयकारे लगाए। उन्होंने कहा कि यह सच्चाई है कि यह वीरों की भूमि है। आपने कितने लोगों को यहां से सेना में भेजा। इस देश की हिफाजत की जिम्मेदारी भी आपकी ही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज जो देश में हालात हैं उनके बारे में आपसे थोड़ी बात करना चाहती हूं। आज देश में इतनी बेरोजगारी हो गई है, जो 45 साल में कभी नहीं हुई। माता-पिता बच्चों को मेहनत करके पढ़ाते हैं, लेकिन पेपर लीक हो जाता है। घोटाला हो जाता है। देश में सबकुछ अपने खास लोगों को दे दिया गया। बड़ी-बड़ी कोयले की खदानें, एयरपोर्ट, सड़कें, सब दे दिया अपनों को। उन्होंने कहा कि बीजेपी महिलाओं के साथ, युवाओं के साथ मजाक कर ही हैं। 1200 रुपये महीने में क्या होगा? आज सिलेंडर ही इतना महंगा हो गया है। हम महिलाओं को हर महीने 8500 रुपये देंगे, यानी सालाना एक लाख रुपये देंगे। हम युवाओं को रोजगार देंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, भंवर जितेन्द्र सिंह, विधायक, दिनेश गुर्जर, विधायक पंकज उपाध्याय


*शेष पृष्ठ 7 पर...*

# बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों की सफलता में शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका भी उल्लेखनीयः कलेक्टर

## - बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के सम्मान में आयोजित किया गया कार्यक्रम

*(ब्यूरो राजेश शिवहरे)*

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 वीं की परीक्षा में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन किया गया है। जिसके लिए विद्यार्थी व वहां के शिक्षक व संस्था प्रमुख बधाई के पात्र हैं। बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों की सफलता में शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका भी उल्लेखनीय है। उक्ताशय के विचार कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के आडोटोरियम में जिलेभर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सहित विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी प्राचार्य कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं पढ़ाई के साथ-साथ अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचार्य विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर के विकल्प चुनने हेतु कैरियर काउंसलिंग आयोजित करें तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रारंभ की गई निःशुल्क कोचिंग का लाभ प्रदाय कराएं। उन्होंने कहा कि कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से विकल्प चुनने का मौका आसान होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के प्रत्येक शंकाओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।



**कक्षा 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को कलेक्टर ने किया सम्मानित**

शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के आडोटोरियम में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 62 विद्यालयों के प्राचार्यों को तथा हायर सेकेण्डरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 54 विद्यालयों के प्राचार्यों को कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा माल्यार्पण कर एवं गुलदस्ता व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन शैक्षणिक सत्र के शुरुआत से ही कार्ययोजना के अनुरूप विद्यार्थियों की पढ़ाई पर विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में लाईब्रेरी, लैब, स्मार्ट क्लास सहित बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने व्यवस्थाओं के संबंध में प्राचार्यों को मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने जिन विद्यालयों के द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है, उन विद्यालयों के प्राचार्य अपनी रणनीति से अन्य विद्यालयों के प्राचार्य को अवगत कराते हुए उन्हें उत्कृष्ट कार्ययोजना के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्होंने जिले के शैक्षणिक स्तर के सुधार के लिए आगामी सत्र में और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में जिले के विभिन्न विद्यालयों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उन विद्यालयों के प्राचार्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने प्राचार्यों के उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उनसे और बेहतर प्रदर्शन के लिए नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से ही जुटने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्राचार्य और शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन करने हेतु तत्पर होंगे। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को बधाई दी।

# नगरीय निकायों के स्वच्छता सर्वेक्षण तथा राजस्व वसूली कार्य की कलेक्टर ने की समीक्षा

*(ब्यूरो राजेश शिवहरे)*

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिले के नगरीय निकायों के स्वच्छता सर्वेक्षण तथा राजस्व वसूली कार्य की निकायवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर व जिला शहरी विकास अभिकरण के प्रभारी अमन वैष्णव, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा उपयंत्री उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2024 की समीक्षा करते हुए तय मानकों के अनुसार तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो नगरीय निकाय पिछली बार सिंगल रेटिंग में थे, वह इस बार तीन स्टार रेटिंग में आने का प्रयास करें। उन्होंने इसके लिए स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी पैरामीटर पर कार्य करने के सीएमओ को निर्देश दिए हैं। उन्होंने अमरकंटक में संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर वाटर रेटिंग के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में सफाई अभियान की समीक्षा करते हुए सभी सीएमओ को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के सभी स्थानों पर सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दो महीने तक नालियों के सफाई हेतु विशेष सघन अभियान चलाने के नगरीय निकाय के सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका परिषद अनूपपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सामतपुर तालाब की निरंतर साफ-सफाई तथा निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने बैठक में निकाय अंतर्गत राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सीएमओ को राजस्व वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अपने अमले लगाकर राजस्व वसूली सुनिश्चित करने तथा राजस्व वसूली की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्ण हो चुके आवासों की जियो टैगिंग एजेंसी तथा निकाय के स्थानीय अमले की मदद से जियो टैगिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीएमओ को अपने नगरीय क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले बाजार को व्यवस्थित करवाने की निर्देश दिए हैं। जिससे व्यापारियों तथा आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने नगरपालिका परिषद पसान के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को वाटर सप्लाई की लाइन बिछाने में आ रहे फॉरेस्ट एरिया में फॉरेस्ट विभाग से समन्वय कर समस्या का निराकरण कर कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में सभी नगरीय निकायों में प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने ग्राम बैहार पहुंचकर पीएम जन-मन आवास निर्माण कार्य का किया अवलोकन

## ग्राम की हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के घर पहुंच स्वास्थ्य संबंधी ली जानकारी

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले के जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहार का भ्रमण कर पीएम जन-मन आवास योजना कार्य तथा गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य परीक्षण आदि की जानकारी हितग्राहियों के घर पहुंचकर ली। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, जनपद पंचायत जैतहरी के सीईओ बी.एम. मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. सोनी उपस्थित थे।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पीएम जन-मन आवास के हितग्राही लमतू बैगा, कली बाई बैगा, रितु बैगा के घर पहुंचकर पीएम जन-मन आवास निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। हितग्राहियों ने कहा कि आगामी 15 से 20 दिवस में कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने आवास हितग्राहियों को कार्यों की पूर्णता के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर उपस्थित जनपद पंचायत के सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायत बैहार में 97 पीएम जन-मन आवास स्वीकृत हैं। सभी निर्माणाधीन हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने पेयजल की उपलब्धता के संबंध में जनपद सीईओ को दिशानिर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने गर्भवती हाईरिस्क महिलाओं शांति बाई तथा बिंदिया बाई के घर पहुंच कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए जांच तथा दवाईयों के बारे में पूछताछ की। उन्होंने मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गर्भवती एवं हाईरिस्क महिलाओं के समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण तथा हीमोग्लोबिन की जांच एवं दवाईयों की उपलब्धता एवं सेवन की सतत् मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। मौके पर सीएचओ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम बैहार में 11 गर्भवती महिलाएं हैं, जिनमें 6 हाई रिस्क महिलाएं हैं। जिसके संबंध में कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य तेज गति से वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाही, ड्राइविंग लाइसेंस होंगे सस्पेंड



**अनूपपुर।** तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है जिस पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को चेक कर कार्रवाई करने हेतु पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई. द्वारा जिले के थाना यातायात को इंटरसेप्टर व्हीकल विथ स्पीड डिटेक्टर मशीन के प्रदाय किया गया है, जिसका अधिक से अधिक उपयोग कर ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं अनु विभागीय अधिकारी अनूपपुर सुमित केरकट्टा के निर्देशानुसार यातायात पुलिस द्वारा तीन दिन में चेकिंग दौरान 16 फोर व्हीलर वाहन चालक, जो ओव्हर स्पीड में वाहन चलाते पाए गए, पर कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया, साथ ही ऐसे वाहन चलाको के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय भेजे गए। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालक एवं बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 82 दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पाए गए,जिन पर चालानी कार्रवाई की गई साथ ही 27 वाहन चालक बिना सीट बेल्ट फोर व्हीलर चलाते पाए गए जिन पर चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूल किया गया, कुल 125 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

# निखिल आडवाणी ने एक दिलचस्प सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' के लिये सोनी लिव के साथ भागीदारी की

**भोपाल।** सोनी लिव और एमी एंटरटेनमेंट ने दर्शकों के लिये बहुप्रतीक्षित सीरीज ''फ्रीडम एट नाइट'' लाने के लिये भागीदारी की है। यह दिलचस्प पॉलिटिकल ड्रामा भारत की आजादी की लड़ाई के इर्द-गिर्द है और इसमें विभाजन के दौर की अनकही कहानियाँ और महत्वपूर्ण क्षण दिखाये गये हैं। सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा और राजेन्द्र चावला जैसे शानदार कलाकार जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और सरदार बल्लभ भाई पटेल जैसी मशहूर हस्तियों की भूमिका निभा रहे हैं। यह सीरीज दुनियाभर के दर्शकों को पसंद आएगी।

एमी एंटरटेनमेंट (मोनिषा आडवाणी और मधु भोजवानी) द्वारा स्टूडियोनेक्स्ट और सोनी लिव के साथ भागीदारी में निर्मित, इस सीरीज के शोरनर और निर्देशक हैं निखिल आडवाणी। इसे अभिनंदन गुप्ता,



अद्वितीय कारेंग दास, गुनदीप कौर, दिव्या निधि शर्मा, रेवंता साराभाई और एथन टेलर ने लिखा है।

अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'फ्रीडम एट नाइट' के बारे में बात करते हुए, निर्देशक निखिल आडवाणी ने कहा, ''यह शो अटूट समर्पण और दृढ़-संकल्प का नतीजा है। इसके लिये उस मशहूर किताब पर दानिश खान के साथ हुई बातचीत से प्रेरणा मिली थी। पूरे सफर में प्रामाणिकता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता अटूट रही है। यह शो स्वाधीनता आंदोलन के दिग्गजों जैसे महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार बल्लभभाई पटेल, को दी गई एक श्रद्धांजलि है जिन्होंने बड़ी हिम्मत से आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया। एमी एंटरटेनमेंट की ओर से हम इस कहानी की पेशकश करते हुए बहुत खुश हैं, क्योंकि इसमें आधुनिक भारत का सार नजर आता है। इसके लिये सोनी लिव से बेहतर कोई प्लेटफॉर्म नहीं था। सोनी लिव ऐसा कंटेन्ट दिखाने में अग्रणी है, जो भारत की धरोहर की सराहना करता है और दुनियाभर के दर्शकों को पसंद भी आता है।''

# हिमाचलः सेब करोबारियों को अभी से नुकसान की आशंका

खराब मौसम की वजह से पिछले साल के आर्थिक नुकसानों के तले दबे हुए हिमाचल प्रदेश के सेब कारोबार से संबंधित लोगों में इस बार फिर से डर और अनिश्चिंता का माहौल बना हुआ है। चाहे वो सेब उगने वाले बागबान हों, मंडियों को संचालित करने वाले आढ़ती हों, सेब के आवागमन से जुड़े ट्रांसपोर्टर्स या फिर निजी सी. ऐ. स्टोर ऑपरेटर्स हों, सभी लोग मौसम में आये अचानक बदलाव से चिंतित हैं। इस साल के मुनाफे से ज्यादा बड़ी चिंता इस बात की है कि पिछले साल के नुकसान और कर्ज की भरपाई हो पायेगी की नहीं। लेकिन वर्तमान हालात ऐसे हो रखे हैं कि प्रति बॉक्स पर 800-1000 रुपए तक का नुकसान चल रहा है (40-50 रुपए प्रति किलो)।

साल 2023 की प्रकृतिक त्रासदी के चलते हिमाचल प्रदेश की आधी से ज्यादा सेब की फसल बर्बाद हो गयी थी। हालत ऐसे हो गए थे कि किसानों की साल भर की मेहनत के बावजूद भी उनकी कमाई लागत से भी कम रही। शुरुआत के कुछ दिनों में हालाँकि सेब की कीमत में कुछ सुधार दिखा था, लेकिन क्वालिटी के आभाव के कारण वह भी ज्यादा दिन टिक नहीं सका। जिन लोगों ने सेब के भण्डारण के जरिये कुछ बेहतर कमाई की उम्मीद की थी, उचित मूल्यों के अभाव में उन्हें और भी ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। यहाँ गौर करने की बात यह है कि सेब का भण्डारण और ट्रांसपोर्ट में अच्छी खासी लागत आती है और मुनाफे का मार्जिन हमेशा काफी कम होता है। इस परिस्थिति में उम्मीद बस इस बात



पर टिकी होती है की क्वालिटी अच्छी हो और सेब की सप्लाई भी सुचारु रूप से हो। किन्तु 2023 में आई बाढ़ की वजह से न तो सेबों की क्वालिटी अच्छी हो पायी, न ही उचित मात्रा में मंडियों में माल पहुँच पाया। लोग नुकसान के बावजूद इस उम्मीद पर कारोबार में टीके रहे कि अगले साल मौसम की मार नहीं पड़ेगी। लेकिन हिमाचल में फिर से एक बार मौसम ने गलत समय पर करवट ली है और बेमौसम बरसात ने पेड़ों की फ्लॉवरिंग और सेटिंग को नष्ट करना शुरू कर दिया है। इस समय हिमाचल में जहाँ तापमान 24 डिग्री के आसपास और खिली धूप वाला होना चाहिए था, वहीं करीब-करीब पूरे प्रदेश में फिर से हल्की ठण्ड और बदली का मौसम बना हुआ है। इन दिनों सेब में फ्लॉवरिंग का दौर चल रहा है, लेकिन लगातार भारी ओलावृष्टि होने से कुल्लू के लगभग एक दर्जन गांवों में सेब फसल पूरी तरह तबाह हो गई, जबकि कई जगह सेब के पेड़ों से फूल झड़ गए, हेलनेट फट गए, वहीं जिन बगीचों में एंटी हेलनेट नहीं थी, उनसे फूलों के साथ पत्ते भी गिर गए और इससे सेब की टनहियां व पेड़ भी टूट गए। बारिश के साथ-साथ तापमान के घटने-बड़ने से भी फसलों पर असर पड़ रहा है और मधुमक्खियां भी सही से परागण नहीं कर पा रही हैं। जाहिर है कि सही फ्लॉवरिंग न होने से उत्पादन पर भी गहरा असर पड़ेगा और यह न केवल बागबानों, बल्कि प्रोक्योरमेंट सेंटर्स का संचालन करने वाली निजी कंपनियों के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। यही वजह है कि मौसम विभाग के साथ-साथ यह कंपनियां भी बदलते मौसम की प्रत्येक अपडेट पर नजर गढ़ाई हुई हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भी खराब मौसम का अनुमान लगाया है और मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में आसमानी बिजली कड़कने व आधी चलने की आशंका जताई है, जबकि इस दौरान उच्चपर्वतीय इलाकों में लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा में बर्फबारी की सम्भावना जताई है। स्थिति यहाँ तक खराब बताई जा रही है कि कुछ निजी स्टोर ऑपरेटर्स पिछले साल के रेट पर खरीदी करने की हालत में ही नहीं हैं। अब सरकारी मदद की आस लगाए किसान और बाकी व्यवसायी इसी उम्मीद में हैं कि किसी तरह से बची-कुची फसल सही समय पर बिना किसी नुकसान के तैयार हो जाये।

# ट्रक ड्राईवर्स के लिए एमेजॉन इंडिया ने लॉन्च किया हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम : सुश्रुत

## यह अभियान ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवारों की हैल्थकेयर की जरूरतों को पूरा करेगा और उन्हें हैल्थ स्क्रीनिंग एवं कंसल्टेशन उपलब्ध कराएगा

आज एमेजॉन इंडिया ने ट्रक ड्राईवर्स के लिए एक विस्तृत हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम 'सुश्रुत' लॉन्च किया। एमेजॉन के 350 ट्रकिंग पार्टनर्स हैं, जिनके पास हजारों ट्रक ड्राईवर्स नौकरी करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य इन ट्रक ड्राईवर्स की स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने जीवन का ज्यादातर समय सड़क पर बिताते हैं। इसके साथ ही, यह ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवार के लिए लंबे समय तक स्वास्थ्य की अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। बेंगलुरु, मानेसर (हरियाणा), और देश के अन्य हिस्सों में ट्रक ड्राईवर्स के लिए हैल्थ कैंप्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 70 से अधिक स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच की जा रही है।

प्रेमांश फाउंडेशन, आँचल हैल्थ सेंटर और डॉकऑनलाईन जैसे एनजीओ के साथ गठबंधन में चलाए जा रहे इन कैंप्स में से पहले कैंप का आयोजन जनवरी, 2024 में बैंगलुरू में किया गया था और हाल ही में संपन्न हुआ मानेसर का कैंप काफी सफल रहा, जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रक ड्राईवर्स ने हिस्सा लिया। एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज के डायरेक्टर, अरुण कुमार सिंह ने कहा, ''एमेजॉन में हम ट्रक ड्राईवर्स के जीवन की चुनौतियों को समझते हैं, जिनके कारण



लंबे समय तक सड़क पर रहने की वजह से उनका स्वास्थ्य नजरंदाज हो जाता है। 'सुश्रुत' प्रोग्राम का उद्देश्य इन चुनौतियों को संबोधित करना और ड्राईवर्स को स्वस्थ रहने में मदद करना शामिल है। हमें उम्मीद है कि यह प्रोग्राम ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगा।'' सुश्रुत प्रोग्राम का उद्देश्य अनेक जाँच सेवाएं, जैसे खून की जाँच, आँखों की जाँच, और दाँतों का परीक्षण करना है, ताकि ट्रक ड्राईवर्स के स्वास्थ्य की समस्याओं की पहचान व निदान हो सके। इसके अलावा, कैंप के दौरान जागरुकता अभियान और सत्रों का आयोजन भी किया जाता है ताकि ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवारों के बीच स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। ड्राईवर्स को रेफरल कार्ड और अपनी हैल्थ रिपोर्ट के साथ खुद के लिए और परिवार के तीन तक सदस्यों के लिए टेलीकम्युनिकेशन सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही रेफरल कार्ड पूरे साल आँचल हैल्थ सेंटर की सुविधा और संबद्ध सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य जाँच सेवाएं उपलब्ध कराता है।

बैंगलुरू से एमेजॉन के ट्रकिंग पार्टनर के साथ काम करने वाले ट्रक ड्राईवर, थिप्पाराजू जी ने कहा, ''मैं सुश्रुत जैसे अभियानों के लिए एमेजॉन का आभारी हूँ। हम ज्यादातर समय सड़कों पर रहते हैं, इसलिए यह देखकर हमारा आश्वासन बढ़ता है कि एमेजॉन हमारे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है, और हमें स्वस्थ रखने के लिए हैल्थ कैंप्स का आयोजन करता है।''

2022 में एमेजॉन ने लेंसकार्ट के साथ साझेदारी में एक पायलट प्रोग्राम चलाया था और आँखों की जाँच के लिए कैंप का आयोजन भी किया था। दिल्ली-एनसीआर में हमारे फुलफिलमेंट सेंटर्स और सॉर्ट सेंटर्स पर लगे इस 25 दिवसीय कैंप का उद्देश्य ट्रक ड्राईवर्स और सपोर्ट स्टाफ को आई केयर की उपलब्धता बढ़ाना था। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 1700 से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग की गई और जरूरतमंदों को 529 से ज्यादा चश्मे वितरित किए गए। पायलट सफल रहने के बाद एमेजॉन ने इस साल हैल्थकेयर कैंप और चेकअप एवं टेस्ट का दायरा इस साल 'सुश्रुत' के अंतर्गत सभी स्थानों पर बढ़ा दिया है।




# दहेज हत्या के प्रकरण में फरार तीन हजार की इनामी महिला पकड़ी

**ग्वालियर।** दहेज हत्या के प्रकरण में पिछले सात साल से पुलिस को चकमा दे रही तीन हजार रूपये की इनामी महिला को बिजौली थाना पुलिस ने धनेली से गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला पुलिस से बचने के लिए घूंघट डाले थी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

प्रशिक्षु आईपीएस व थाना प्रभारी बिजौली अनु बेनीवाल ने बताया कि बीते रोज पुलिस की टीम जब वारंटी व जिलाबदर बदमाशों को चेक कर रही थी। तभी सूचना मिली थी कि पूर्व मामले में फरार एक संदेही महिला बड़ागांव पुल के पास भाई के साथ खड़ी है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम के साथ बड़ागांव पुल के पास पहुंची तो पता चला कि महिला वहां से निकल गई है। इनामी को पकडने के लिए पुलिस टीम के सभी जवानों को अलग-अलग दिशाओं में दौड़ाया तो पता चला कि महिला धनेली के रास्ते पर जा रही है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम धनेली पहुंची तो महिला ने अपनी रफ्तार तेज कर दी। पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की तो उसने अपना पता गलत बताया। पुलिस ने बताए पते पर तस्दीक की तो जानकारी गलत मिली। पुलिस ने जब अपने तरीके से महिला से पूछताछ की तो पता चला कि महिला तीन हजार रुपए की इनामी ज्योति शर्मा पत्नी हरिओम शर्मा है और उस पर 304 बी व 498 का प्रकरण दर्ज है और वह काफी साल से फरार है। इस मामले में उसके पति, सास-ससुर, देवर सहित वह आरोपी है, सभी आरोपी पति हरिओम शर्मा, सास मीरा शर्मा, ससुर दामोदर, मृतका का पति ओम पहले ही पकड़े जा चुके हैं और सिर्फ वह गिरफ्तार होना शेष थी। पूछताछ में पता चला है कि पकड़ी गई महिला ने भिण्ड, मुरैना और ग्वालियर में अपने रिश्तेदारों के घर पर फरारी काटी थी, वह एक ही स्थान पर कुछ दिन रहने के बाद अपना ठिकाना बदल देती थी।

# होटल में वारदात करने आया बदमाश कट्टे के साथ पकड़ा

**ग्वालियर।** होटल में वारदात को अंजाम देने के लिए पार्किंग में कट्टा लेकर छिपे एक बदमाश को हजीरा थाना पुलिस ने पकड़ा है। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के होटल लेबल थ्री में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब साढ़े बारह बजे की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

टीआई हजीरा शिव मंगल सिंह सेंगर ने बताया कि बीती रात पुलिस टीम के साथ वह इलाके का भ्रमण करते हुए जब होटल लेबल थ्री में चेक करने के लिए पहुंचे और मोबाइल को पार्क कर होटल की चेकिंग की, इसके बाद वह बल के साथ वापस आने के लिए पार्किंग में पहुंचे तो एक युवक वहां पर छिपा हुआ नजर आया, जो पुलिस को देखते ही वाहनों के पीछे छिपने लगा। उसे छिपते देखकर उन्हें शंका हुई और उसे पकड़कर पूछताछ की तो वह पुलिस का डर होने की कहकर छिपने की बात बता रहा था। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से लोडेड कट्टा व जिन्दा राउण्ड बरमद हुआ। हथियार बरामद होते ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया और पूछताछ शुरू कर दी है कि वह किस वारदात को अंजाम देने के लिए आया था और उसके निशाने पर कौन था। पुलिस पकड़े गये आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**ग्वालियर।** भागवत में शामिल होने आए एक अधेड़ की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के सेंथरी गांव की है। घटना के बाद मृतक के साथी उसका शव लेकर घर पहुंचे और अधेड़ की मौत का पता चलते ही परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं मृतक के साथियों ने आर्थिक सहायता देने की बात कहकर मृतक का अंतिम संस्कार करा दिया है।

मुरार स्थित वंशीपुरा निवासी 55 वर्षीय विशाल बघेल पुत्र द्वारका प्रसाद बघेल बीते रोज अपने साथियों के साथ सेंथरी में आयोजित भागवत कथा में शामिल होने के लिए आए थे। रात में वह वहीं पर सो गए थे और देर रात अचानक उनके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। विशाल की मौत के बाद उसके साथी उसका शव लेकर उसके घर पहुंचे। विशाल की मौत का पता चलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मुरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घटना स्थल महाराजपुरा थाना होने पर महाराजपुरा पुलिस को सूचना देने को बताया। इसके बाद मृतक परिजन महाराजपुरा थाना पहुंचे और मामले की सूचना दी। इसी बीच मृतक के साथी उनके परिजनों के पास पहुंचे और आर्थिक सहायता का आश्वासन देकर उसका अंतिम संस्कार करा दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

*ट्रैक्टर एजेंसी के स्टॉक रूम से टायर व अन्य सामान चोरी*

स्टॉक रूम के ताले तोड़कर अज्ञात चोर टायर चोरी कर ले गए। घटना पनिहार थाना क्षेत्र के नया गांव की है। घटना का पता उस समय चला जब पीडित स्टॉक रूम पर पहुंचा तो वहां पर टायर कम होने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नयागांव निवासी वकील सिंह गुर्जर पुत्र प्रताप सिंह गुर्जर की ट्रैक्टर एजेंसी है और नया गांव में ही उन्होंने स्टॉक रूम बनाया है। जहां पर बीती रात वह काम निबटाकर अपने घर चले गए थे और सुबह आए तो पता चला कि स्टॉक रूम के ताले टूटे हुए थे और वहां से आधा दर्जन से ज्यादा टायर व रिम गायब थे। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी।

# घर से बाजार के लिये निकली छात्रा लापता

**ग्वालियर।** घर से बाजार के लिए निकली सौलह वर्षीय छात्रा लापता हो गई। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के गोस पुरा नंबर दो की है। घटना का पता जब चला जब छात्रा वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चलने पर परिजन थाने पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद अपहरण का मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

ग्वालियर थाना क्षेत्र के गोसपुरा नंबर एक निवासी सोलह वर्षीय छात्रा बीते रोज घर से बाजार जाने की कहकर निकली थी और उसके बाद वह वापस नहीं आई थी। छात्रा के वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। छात्रा का पता नहीं चलने पर सहेली और रिश्तेदारों में जानकारी की, लेकिन उसका पता नहीं चला तो पुलिस थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। छात्रा का पता लगाने के लिए पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाला शुरू कर दिया है, जिससे छात्रा का सुराग लगाया जा सके।

# रेलवे कर्मचारी के सूने घर से 10 लाख की चोरी

**ग्वालियर।** रेलवे कर्मचारी के सूने घर के ताले चटकाकर अज्ञात चोर गहने गुरिया और नगदी समेत 10 लाख रूपये से ज्यादा का माल पार कर ले गये। चोरी की वारदात थाटीपुर थाना क्षेत्र के तारामाई कॉलोनी में सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात घटी। चोरी का पता बुधवार को सुबह चला। जब पड़ोसी ने देखा कि रेलवे कर्मचारी के घर के ताले टूटे है तो तुरंत उन्होंने इसकी सूचना रेलवे कर्मचारी को दी। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारी वापिस आया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी का मामला दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले तो उसमे तीन चोर बाइक पर जाते हुये कैद हुये। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज के आधार पर संदेही चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

थाटीपुर थाना क्षेत्र के तारामाई कॉलोनी निवासी 34 वर्षीय देवेन्द्र कुमार पुत्र ख्यालीराम विश्वकर्मा रेलवे विभाग में एसएसई के पद पर पदस्थ है और वह अपने परिवार के साथ रहते है। तीन दिन पहले 28 अप्रैल सोमवार को अपने परिवार के साथ अपने गांव शिवपुरी जिले में एक दिन के लिए किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे और अपने घर पर ताला डालकर सामने वाले पड़ोसी को घर की चाबी दे गए थे। लेकिन मंगलवार सुबह जब पड़ोसी ने कर्मचारी के घर के ताले टूटे देखे तो फोन पर इसकी सूचना तत्काल कर्मचारी को दी। चोरी का पता चलते ही कर्मचारी वापस ग्वालियर आया और देखा तो घर के ताले टूटे हुए थे और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी अलमारी, बक्से खुले थे। चोरों ने अलमारी से लेकर किचन तक एक भी जगह तलाशे बिना नहीं छोड़ी थी। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि चोर उनके घर से हारसेट, कान की झुमकी सोने की, एक सोने की अंगूठी, सोने की चूढी, एक नाक की नथ, एक बेंदा सोने का, कान की बाली सोने की, कान के भाले सोने के, एक सोने की चौन ,एक सोने बाजू बन्द, पायल, करधनी एवं अन्य चांदी के जेवर सहित नगदी चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने जब चोरों का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले तो बाइक पर तीन अज्ञात व्यक्ति सवार होकर जाते हुए कैद हुए है। लेकिन अंधेरा होने कारण फुटेज में बाइक का नंबर साफ दिखाई नहीं दे रहा है जिसके लिए पुलिस अन्य स्थानों पर लगे कैमरे चेक कर रही है। थाटीपुर थाना प्रभारी महेश शर्मा का कहना है कि रेलवे कर्मचारी के घर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटनास्थल के पास लगे कैमरे चेक करने पर बाइक पर जाते तीन संदेही दिखे हैं। पुलिस के सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर बाइक सवारों की तलाश की कर रही है ।

# ऊंट पुल के पास अज्ञात अधेड़ का शव मिला

**ग्वालियर।** इंदरगंज थाना क्षेत्र के ऊंट पुल के पास एक अज्ञात अधेड़ की लाश पुलिस को पड़ी मिली है। शव पड़े होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक क शिनाख्ती के प्रयास शुरू किये, लेकिन मृतक के पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सकें। पुलिस ने जांच के बाद मर्ग कायम कर उसका शव पीएम हाउस भेज कर उसकी शिनाख्ती के प्रयास शुरू कर दिए है।

इंदरगंज थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक लाश ऊंट पुल के पास पड़ी हुई है। इसका पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो पता चला कि मृतक की उम्र करीब पचास साल के लगभग है और उसने पेंट पहना हुआ था और ऊपरी शरीर निर्वस्त्र था। पुलिस ने उसकी शिनाख्ती के प्रयास किए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने उसका शव पीएम हाउस भेज कर आस-पास के थानों से जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है, जिससे उसकी पहचान हो सके।

## संध्या शर्मा को पीएच.डी. अवार्ड

**दतिया –** सेवानिवृत शिक्षक व ज्योतिषाचार्य पं. रतिराम शर्मा की सुपुत्री



संध्या शर्मा ने जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से ÷ पं. सुधाकर शुक्ल जी के साहित्य के सामाजिक एवं सांस्कृतिक पक्षों का अध्ययन÷ विषय पर पीएच.डी. की है। संध्या शर्मा ने दतिया पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ? डी.आर. राहुल के मार्गदर्शन में पीएच.डी. की है। संध्या शर्मा को पीएच.डी. अवार्ड होने में दतिया पीजी कॉलेज के जन भागीदारी अध्यक्ष पंकज शुक्ल का विशेष सहयोग रहा है। संध्या शर्मा को पीएच.डी. अवार्ड होने पर शहर के वरिष्ठ नागरिकों , समाजसेवियों एवं कई संगठनों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# 108 एम्बुलेंसों का किया निरीक्षण, मिली कमियां

**ग्वालियर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. राजौरिया ने 108 एम्बुलेंस के जिला नोडल अधिकारी आई.पी. निवारिया को निर्देश दिए की ग्वालियरवासियों को बेहतर 108 एम्बुलेंसों की सेवा मिलती रहें इस हेतु नियमित निरीक्षण करें। जिस पर आई.पी. निवारिया ने दो 108 एएलएस सीजी 04 एन.यू. 5303 एवं सीजी 04 एन.यू. 3668 को चैक किया जिनमें व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं लेकिन उन्होंने दो और 108 जननी एक्सप्रेस सीजी 04 एन.यू. 9040 एवं सीजी 04 एन.यू. 9042 को चेक किया जिसमें 9040 एम्बुलेंस में सेवलोन एक्सपायरी डेट की मिली जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल मौके पर हटवाई, साथ ही उन्हें प्राथमिक



उपचार में उपयोग होने वाली कैंची नहीं मिली।

उसके बाद उन्होंने सीजी 04 एन.यू. 9042 को चेक किया जिसमें अनट्रेंड ड्राइवर मिला जिसे कुछ भी 108 जननी एम्बुलेंस के बारे में पता नहीं था उन्होंने मौके पर जय अम्बे इमरजेंसी सेवा के जिला मैनेजर गोपाल नेगी से कहा कि इन्हें तत्काल ट्रेनिंग दिलवायें उसके बाद इनका परिचय पत्र बनायें तभी गाड़ी सौंपें। साथ ही ऐसी स्थिति पुनः किसी भी एम्बुलेंस में न मिले इस बात का विशेष ध्यान रखें उन्होंने उनसे यह भी कहा कि अगर आप नियमित निरीक्षण करते तो यह स्थिति न मिलती,निरीक्षण के दौरान उन्हें एम्बुलेंस में प्राथमिक उपचार में उपयोग होने वाली सामग्री उपयोग करने लायक नहीं मिली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. राजौरिया ने कहा कि जो कमियां मिल रही हैं उनके सम्बन्ध में हम एमडी एन. एच.एम. मध्यप्रदेश को कार्यवाही हेतु पत्र लिखेंगे।

# लोकसभा प्रत्याशियों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पहुंचा लाभ

*– प्रस्तावित दरों में जमीन आसमान का अंतर*

ग्वालियर। हम किसी पार्टी या दल की बात नहीं कर रहे है। लेकिन यह जरूर जांच का विषय बना हुआ है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिये लड़ने वाले विभिन्न प्रत्याशी चूना लगाने का काम कर रहे है। उन्होंने जो प्रस्तावित दर सूची अनुसार दरें बताई है। वह सभी के पांव तले जमीन खिसकाने वाली है, क्योंकि हकीकत की दरों में जमीन आसमान का अंतर है। ताज्जुब वाली बात तो यह है कि उक्त दरों को जिला स्तर पर शहरी व ग्रामीण अनुसार भी समायोजित नहीं किया गया है। इसी साल बीती 12 मार्च को नोडल अधिकारी निर्वाचन ने प्रस्तावित दर सूची फिलहाल मान्य कर ली है। आयटम दरों में 40 से 60 फीसदी का साफअंतर है। इसके चलते प्रत्याशियों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ हुआ है। वाहन व्यवस्था की मानक दरें, प्रचार प्रसार का सामान से लेकर खाने पीने की व्यवस्था में सभी की दरों में झोल है। यह सभी दरों में जांच का विषय भी बना है। हालांकि कमेटी की बैठक में सर्वमान्य भी कर लिया है। 10 हजार रूपये में प्रति हैलीपेड का खर्चा, डीजे साउण्ड प्रतिदिन 1500 रूपये, मैरीज गार्डन प्रतिदिन किराया खर्चा 10 हजार रूपये इसी तरह वाहनों में यात्री बस प्रतिदिन के हिसाब से 1500 रूपये से लेकर ढाई हजार रूपये, लोडिंग वाहनों की भी लगभग यहीं दरें है। इसी तरह कार टैक्सी आदि का किराया प्रतिदिन 1500 रूपये से लेकर दो हजार रूपये है। ट्रैक्टर ट्राली का खर्चा भी प्रतिदिन 1250 रूपये तय माना है। खाने की बात करें तो भोजन का सारा पैकेट 40 रूपये प्रति नग है। स्पेशल डिब्बा 80 रूपये की दर से है। नमकीन एक किलो 120 रूपये में, कोल्ड ड्रिंक एक लीटर 40 रूपये में है। प्रचार प्रसार के सामान की बात करें तो गले की पटटी 10 रूपये, पगड़ी 150 रूपये, झंडा भी 10 से 40 रूपये और बैनर की दरें बहुत कम दर्शाई गई है।

## शांतिपूर्वक चुनाव कराने निकाला फ्लेग मार्च

**ग्वालियर।** बेलगढ़ा थाना पुलिस ने शांति पूर्वक चुनाव कराने के लिए गुरूवार सुबह थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी अजय सिंह सिकरवार के नेतृत्व में फ्लेग मार्च निकाला और पुराने बदमाशों को समझाइश दी कि चुनाव में किसी तरह की हरकत की तो उनके लिए ठीक नहीं होगा।

## सब्जी खरीदने आये युवक का मोबाइल चोरी

**ग्वलियर।** सब्जी खरीदने के लिए आए एक युवक की जेब से अज्ञात चोर मोबाइल पार कर ले गए। घटना मुरार थाना क्षेत्र स्थित गणेश मंदिर के पास की है। घटना का पता चलते ही पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

फायर बिग्रेड कॉलोनी निवासी बसंत कुमार पुत्र धीर सिंह दमकल कर्मचारी है और बीती रात करीब नौ बजे वह मार्केट में सब्जी खरीद रहा था। इसी बीच अज्ञात चोर उसकी जेब में रखा उनका मोबाइल चोरी कर ले गया। घटना का पता उस समय चला जब पड़ोसी युवक का मोबाइल बजा तो उसने अपनी जेब टटोली तो पता चला कि उसका मोबाइल चोरी हो गया है। वारदात का पता चलते ही वह थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# हास्पीटल इनफेक्शन कंट्रोल कान्फ्रेंस कैंसर चिकित्सालय में आज से

**ग्वालियर।** कैंसर चिकित्सालय एवं शोध संस्थान ग्वालियर, शीतला सहाय इंस्टिटयूट आफ मेडीकल साइंसेज ग्वालियर, पीजी कालेज आफ नर्सिंग के संयुक्त प्रयासों से इंडियन मेडीकल एसोसियेशन ग्वालियर शाखा, मप्र नर्सिंग होम एसोसियेशन ग्वालियर ट्रेड नर्सेज एसोसियेशन आफ इंडिया मप्र शाखा के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय हास्पीटल इनफेक्शन कंट्रोल कान्फ्रेंस कैंसर चिकित्सालय के सभागार में आज 3 मई से प्रारंभ होगी। यह कान्फ्रेंस पांच मई तक चलेगी।

संरक्षक डा बीआर श्रीवास्तव, आईएमए ग्वालियर इकाई के अध्यक्ष डा प्रशांत लहारिया, डा अचला सहाय ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि विगत वर्षों से हास्पीटल रिलेटेड इन्फेक्शन जिन्हें हेल्थ केयर एसोसियेटेड इन्फेक्शन एचसीएआई कहते हैं के मरीज बढ रहे हैं। इन रोगियों के चलते जहां अस्पताल में



उनका भर्ती रहने का समय बढ रहा है और उनकी कास्ट आफकेयर यानी खर्चा भी बढता जा रहा है। इसका डाटा 2000 से 2015 के बीच ज्यादा आया है। कान्फ्रेंस की सचिव डा गुंजन श्रीवास्तव ने बताया कि हेल्थ केयर एसोसियेटेड इन्फेंक्शन से एक वर्ष में लगभग एक लाख से अधिक रोगी प्रभावित होते हैं जिसमें से अधिकतर रोगियों की मृत्यु गंभीर रोगों से हो जाती है। उन्होने बताया कि चिकित्सक, पैरामेडीकल स्टॉफ और समाज के द्वारा संक्रमण के रोकथाम के उपाय को अपनाते हैं और पालन करते हैं तो इस इन्फेक्शन को रोका जा सकता है।

डा गुंजन श्रीवास्तव ने बताया कि इस कान्फ्रेंस में देशभर से अनेक विशेषज्ञ भाग लेंगे जिसमें डॉ जतिन आहूजा अपोलो हास्पीटल दिल्ली, डा नीलम सचदेवा दिल्ली, डॉ परमिदंर कौर गिल चंडीगढ, डॉ ओपी सक्सैना भोपाल, डॉ विकास मिश्रा भोपाल, डॉ निधि गुप्ता रायपुर, डॉ असीम रंगनेकर भोपाल, डॉ सोनल शर्मा दिल्ली, डा वैभव मिश्रा ग्वालियर, डा केपी रंजन ग्वालियर, डा सुनीता लारेंस भोपाल, डा माया पाटलिया इंदौर, डॉ रिम्पल शर्मा एम्स जम्मू, डा शिवम श्रीवास्तव दिल्ली को आमंत्रित किया गया है। पत्रकार वार्ता में डॉ अर्चना श्रीवास्तव डायरेक्टर पीजी कालेज आफ नर्सिंग, डॉ एसपी त्रिपाठी, डॉ मोनिका दीवान, डॉ संतोष कुमार, श्रीमती सिउली सरकार, सुश्री मीरा श्रीवास्तव, सुशील गुप्ता, नीरज बंसल, डॉ नेहा दुबे आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड के परीक्षार्थियों की पूरक परीक्षायें 8 जून से

## - पंजीयन प्रारंभ, 20 जून तक होंगे

**ग्वालियर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने बोर्ड की हाईस्कूल व हायर सैकेण्डरी परीक्षा में आये पूरक परीक्षार्थियों के लिये पूरक परीक्षा टाइमटेबल जारी कर दिया है। परीक्षा का समय सुबह 8 से 11 बजे तक निर्धारित है। जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षायें एक दिन में सभी विषयों के साथ संपन्न होगी।

यह परीक्षा 8 जून शनिवार की है। जबकि कक्षा 10वीं की पूरक परीक्षायें 10 जून सोमवार से शुरू होकर 20 जून तक होगी। प्रमुख विषयों का परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 10 जून को हिन्दी, 11 जून को गणित, 12 जून को उर्दू विषय, 13 जून को सामाजिक विज्ञान, 14 जून को विज्ञान, 15 जून को अंग्रेजी और 18 जून को संस्कृत की परीक्षा होगी। परीक्षा के लिये पंजीयन प्रारंभ हो गये है। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। दोनों परीक्षाओं में लगभग 30 से 40 प्रतिशत परीक्षार्थी पूरक परीक्षा के लिये इंतजार में है।

## गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

**ग्वालियर ।** निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं जन जागरूकता अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 19 के अंतर्गत वार्ड 46 एवं 50 में दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर गंदगी फैलाने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। कार्रवाई में वार्ड 46 में 1000 एवं वार्ड 50 में 4700 रूपये जुर्माना वसूल किया गया।

## प्रेक्षक आदित्य ने किया एसएसटी नाकों का निरीक्षण

**ग्वालियर ।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में चल रही हर चुनावी गतिविधियों



पर निगरानी रखने के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षककृष्णा आदित्य ने रायरू एवं जलालपुर क्षेत्र में स्थापित एसएसटी नाकों का गुरूवार को औचक निरीक्षण किया। प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने एसएसटी नाकों के निरीक्षण के दौरान नाकों पर तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदिग्ध वाहनों की बारीकी से जाँच करें। नाकों से अवैध धनराशि व ऐसी कोई संदिग्ध वस्तु निकलने न पाए, जिससे मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता हो। आदित्य ने निर्देश दिए कि मतदान की तिथि नजदीक है इसलिए अब विशेष सतर्कता के साथ हर संदिग्ध वाहन की जाँच की जाए। इसमें कोई ढ़िलाई न हो।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रबुद्धजन आगे आए: कलेक्टर

**ग्वालियर ।** मतदान प्रतिशत में ग्वालियर को अग्रणी बनाने के लिए शहर के प्रबुद्धजन एकजुट होकर आगे आए हैं। जो मतदाता अपनी अंगुली पर लगे स्याही का निशान दिखायेंगे, उन्हें आईएमए से जुड़े चिकित्सक परामर्श फीस में और नर्सिंग होम व गायनोकोलॉजिस्ट एसोसिएशन इलाज में छूट देंगे। मतदान दिवस 7 मई से एक हफ्ते तक यह छूट दी जायेगी। इसी तरह वोट डालकर आए यात्रियों को बस ऑपरेटर्स यूनियन ने मतदान दिवस 7 मई से 10 मई तक किराए में 50 प्रतिशत छूट देने का फैसला किया है। इनके अलावा अन्य संगठनों ने भी अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं को प्रोत्साहित करने का भरोसा दिलाया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर गुरूवार को बाल भवन के ऑडिटोरियम में शहर के प्रबुद्धजनों के साथ ÷निर्वाचन में हमारी भूमिका÷ विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में व्यापार, चिकित्सा, शिक्षा, योग, खेल, समाज सेवा व परिवहन इत्यादि क्षेत्रों से जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि वे व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ तो आयोजित करेंगे। साथ ही जो लोग वोट डालकर आयेंगे उन्हें अपनी सेवाओं में छूट भी देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने सभी को भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के






लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। चेम्बर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष डा. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर से जुड़े सभी व्यापारिक संगठन अपने कामगारों को मतदान के लिये सवैतनिक अवकाश देंगे। जीवाजी क्लब के सचिव तरुण गोयल का कहना था कि जीवाजी क्लब से जुड़े सभी 10 हजार सदस्य व उनके परिजन 7 मई को वोट डालने जायेंगे। कैट के पदाधिकारी रवि गुप्ता का कहना था कि हमारे संगठन से जुड़े सभी लोगों से मतदान कराने के लिये हरसंभव प्रयास किए जायेंगे।

आईएमए के पदाधिकारी डॉ. प्रशांत लहारिया एवं नर्सिंग होम एसोसिएशन के डॉ. राहुल अग्रवाल और गायनोकोलॉजिस्ट एसोसिएशन से जुड़ी डॉ. सोनाली अग्रवाल ने कहा कि वोट डालकर आए मरीजों को 7 मई से एक हफ्ते तक इलाज में डिस्काउण्ट दिया जायेगा। केमिस्ट एसोसिएशन के महेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मतदाताओं को दवाओं में आकर्षक छूट दी जायेगी। इ स ी तरह बस ऑपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारी बसंत गुप्ता ने भरोसा दिलाया कि वोट डालकर आए यात्रियों को 7 से 10 मई तक किराए में 50 प्रतिशत छूट दी जायेगी। इसी तरह ऑटो मोबाइल एसोसिएशन के हरीकांत समाधिया ने कहा कि वाहनों की सर्विसिंग में वोट डालकर आए मतदाताओं को छूट दी जायेगी। मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारी महेश मुदगल का कहना था कि मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को पत्र लिखकर वोट डालने का आग्रह किया गया है।

योग गुरू वीके शैलार्थी, शिक्षाविद् श्रीमती वीणा सिंह, लोहिया बाजार व्यवसायी संघ के पदाधिकारी राकेश अग्रवाल, सोना-चाँदी व्यवसायी संघ के पुरूषोत्तम गर्ग, खेल संघ के पदाधिकारी हरीसिंह चौहान, ग्रेटर ग्वालियर सेनेट्री डीलर एसोसिएशन के दिनेश परमार ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। अचलेश्वर न्यास के पूर्व अध्यक्ष हरीदास अग्रवाल ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। आरंभ में निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने स्वागत उदबोधन दिया। अंत में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री विजेता चौहान द्वारा किया गया।

*सेल्फी प्वॉइंट पर कलेक्टर ने ली सेल्फी, पौधे भी भेंट किए*

प्रबुद्धजनों के साथ हुए संवाद कार्यक्रम के समापन सत्र में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने मतदाता सेल्फी प्वॉइंट पर सेल्फी ली। साथ ही अन्य प्रतिभागियों ने भी अपनी-अपनी फोटो खिंचवाई। प्रतिभागियों को नगर निगम द्वारा पौधे भी भेंट किए गए।

## रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था से सुबह सडकें दिख रही हैं साफ

**ग्वालियर ।** निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत अब



शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था शुरू की गई है। जिससे व्यवसायिक क्षेत्र सुबह साफ दिख रहे हैं। अपर आयुक्त विजय राज ने बताया कि शहर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई अभियान निरंतर जारी है। जिससे सुबह सुबह व्यवसायिक क्षेत्र साफदिख रहे हैं। शहर की सभी प्रमुख सडकों पर मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई कराई जा रही है तथा मैकेनिकल लिटर पिकर मशीन के माध्यम से विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से कचरा उठवाया जा रहा है।

## बाबू भागीरथ को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**ग्वालियर।** सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर में 40 वर्षों से सेवायें दे




रहे भागीरथ कुशवाह सहायक ग्रेड 3 अपनी अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हो गए। इस अवसर पर श्री कुशवाह बाबू को सम्मानित कर उनके दीर्घायु होने एवं विभाग द्वारा उनका हर प्रकार से सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेश सिंह यादव, वन संरक्षक एस पी शाक्य, सहायक वन संरक्षक, श्रीमती सपना पाठक, वन विस्तार वृत्त कार्यालय का समस्त कार्यालयीन स्टाफउपस्थित रहा। वन संरक्षक द्वारा समस्त वन परिवार की ओर से भागीरथ कुशवाह को श्रीफल और शाल देकर सम्मानित किया एवं उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

## संपादकीय

# दिल्ली के स्कूलों में बम रखे होने की अफ़वाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत




इस तरह बम रखे होने की सूचनाएं देने के मामले पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। हवाई जहाजों में बम रखने की अफवाहें तो जैसे आम बात हो चली है। ऐसी गलत सूचनाएं देने वाले पकड़े भी जाते हैं। अफवाह फैलाने वालों का मूल मकसद लोगों में दहशत फैलाना और प्रशासन को परेशान करना होता है। वे इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होते हैं कि ऐसा करने पर उन्हें कड़ी सजा हो सकती है। फिर भी अफवाहों के सिलसिले पर रोक नहीं लग पा रही। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करीब सौ स्कूलों में बम रखे होने की सूचना मेल के जरिए देना इसकी ताजा कड़ी है। यह मेल बुधवार को तड़के भेजा गया था। उसके बाद स्वाभाविक ही अफरातफरी का माहौल बन गया। स्कूल खाली करा लिए गए। पुलिस और बम निरोधक दस्ते स्कूलों की छानबीन करने में जुट गए। दोपहर तक पूरे प्रशासन का ध्यान इसी तरफ लगा रहा। आखिरकार पता चला कि सूचना झूठी थी। पुलिस ने पता कर लिया है कि मेल कहां से भेजा गया था। इससे पहले भी कुछ स्कूलों में इसी तरह बम रखे जाने की झूठी सूचनाएं दी गई थीं, जिससे प्रशासन को नाहक परेशान होना पड़ा था। इस समय चुनाव की सरगर्मी है, इसलिए भी ऐसी सूचना से प्रशासन के माथे पर बल पड़ गए थे।

इस तरह बम रखे होने की सूचनाएं देने के मामले पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। हवाई जहाजों में बम रखने की अफवाहें तो जैसे आम बात हो चली है। ऐसी गलत सूचनाएं देने वाले पकड़े भी जाते हैं। उनमें से कइयों को लंबी अवधि की सजाएं भी सुनाई जा चुकी हैं। फिर भी अफवाह फैलाने वाले कोई सबक नहीं ले रहे, तो इसकी एक वजह तो युवाओं में पुलिस को परेशान कर क्षणिक सुख पाने की प्रवृत्ति है। दूसरे, बहुत सारे लोग किसी झुंझलाहट में या किसी को सबक सिखाने के इरादे से ऐसा करते हैं। संचार संसाधनों के प्रसार और उन्हें उपयोग करने की चोर विधियों ने गलत सूचना देकर सुख पाने की प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। ऐसे लोग अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं कर पाते कि ऐसी सूचनाओं से कितने लोगों को परेशानी उठानी पड़ती और कई बार बड़े हादसे भी जाते हैं। अच्छी बात है कि पुलिस ने ऐसी सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई का व्यवस्थित तंत्र विकसित कर लिया है।

# विवेचना: औरत क्या चाहती है, समझने के लिए त्यागनी होगी पुरुषवादी सोच

**निमंत्रण लिखने के कारण मुझे अनेक लोगों की निंदा-आलोचना सुननी पड़ी थी। कुछ लोगों के मुताबिक, वह पोर्नोग्राफी थी, जिसमें यौन संबंधों का खुला चित्रण था। बस, फिर क्या था, चारों ओर मेरी बदनामी कर दी गई। मेरी बदनामी फैलने लगी। कहा गया कि मैं पोर्नोग्राफी लिखती हूं। मेरी उस उपन्यासिका में आखिर था क्या? कहानी यह थी कि अट्ठारह साल की किशोरी एक सुदर्शन युवक के प्रेम में पड़ जाती है। जबकि वह युवक उस तरुणी के दायरे से बहुत दूर है। तरुणी उस युवक को रोज चिट्ठी लिखती है, जिसमें वह अपना प्रेम निवेदन करती है। लेकिन युवक के पास वे चिट्ठियां पहुंचती ही नहीं। आखिरकार जब युवक को किशोरी के उससे एकतरफा प्रेम का पता चलता है, तब दो दिन प्रेम का अभिनय कर एक दोपहर को वह उसे अपने घर लंच के लिए आमंत्रित करता है। किशोरी सज-धजकर अपने प्रेमी के लिए कीमती उपहार खरीदकर उसके यहां पहुंचती है। वहां युवक और उसके सात दोस्त थे।**

ज्यादातर स्त्रियों के सपने उनके पुरुषों से जुड़े हैं। ठीक इसी तरह स्त्रियों का सुख उनके पुरुषों के साथ होने और उन्हें सुखी रखने में है। कहीं भी स्त्रियों को स्वतंत्रता नहीं है। पुरुष, परिवार और समाज यह कल्पना तक नहीं कर सकते कि स्त्रियों का जीवन पुरुषों के जीवन से अलग या स्वतंत्र भी हो सकता है। जब तक इस तरह की सोच नहीं बदलेगी, तब तक इस बारे में सोचा भी नहीं जाएगा कि आखिर औरत चाहती क्या है? वर्ष 1991 में मैंने निमंत्रण नाम से एक उपन्यासिका लिखी थी, जिसमें स्त्री शोषण और पुरुषतंत्र की भयावहता के बारे में बताया गया था। निमंत्रण लिखने के कारण मुझे अनेक लोगों की निंदा-आलोचना सुननी पड़ी थी। कुछ लोगों के मुताबिक, वह पोर्नोग्राफी थी, जिसमें यौन संबंधों का खुला चित्रण था। बस, फिर क्या था, चारों ओर मेरी बदनामी कर दी गई। मेरी बदनामी फैलने लगी। कहा गया कि मैं पोर्नोग्राफी लिखती हूं। मेरी उस उपन्यासिका में आखिर था क्या? कहानी यह थी कि अट्ठारह साल की किशोरी एक सुदर्शन युवक के प्रेम में पड़ जाती है। जबकि वह युवक उस तरुणी के दायरे से बहुत दूर है। तरुणी उस युवक को रोज चिट्ठी लिखती है, जिसमें वह अपना प्रेम निवेदन करती है। लेकिन युवक के पास वे चिट्ठियां पहुंचती ही नहीं। आखिरकार जब युवक को किशोरी के उससे एकतरफा प्रेम का पता चलता है, तब दो दिन प्रेम का अभिनय कर एक दोपहर को वह उसे अपने घर लंच के लिए आमंत्रित करता है। किशोरी सज-धजकर अपने प्रेमी के लिए कीमती उपहार खरीदकर उसके यहां पहुंचती है। वहां युवक और उसके सात दोस्त थे। वे सब उससे बलात्कार करते हैं। सामूहिक बलात्कार के बाद अंदर और बाहर से गंभीर रूप से घायल वह किशोरी घर लौटते हुए मन ही मन सोचती है कि पिता जब उससे पूछेंगे कि कहां गई थी, तब वह झूठ नहीं बोलेगी। उन्हें बता देगी कि वह किसी के निमंत्रण पर उसके घर गई थी। उपन्यासिका यहीं खत्म हो जाती है। उसमें बलात्कार के जो ब्योरे दिए गए थे, स्त्री-विरोधियों ने उसे पोर्नोग्राफी कहा था। समाज में जब स्त्री विरोधियों की संख्या बढ़ जाती है, तब औरतों के शोषण को स्वाभाविक समझ लिया जाता है। ऐसे तत्वों के लिए बलात्कार भी स्वाभाविक घटना है। निमंत्रण की कहानी काल्पनिक नहीं थी। हालांकि समाज का एक वर्ग मानता है कि इस तरह की घटनाएं नहीं होतीं। दूसरा वर्ग यह तो मानता है कि इस तरह की घटनाएं होती हैं, लेकिन उसका कहना है



कि इसके लिए महिलाएं ही दोषी हैं। वे क्यों दोषी हैं, इसकी वजह भी बताई जाती है। दोष यह है कि वे प्रेम में पड़ती ही क्यों हैं? वे पुरुषों के पास जाती ही क्यों हैं? जाने पर तो उनके साथ गलत होगा ही। जो लोग बलात्कार का शिकार होने वाली महिलाओं पर ही बलात्कार की जिम्मेदारी डाल देते हैं, वे चाहते हैं कि लड़कियां घर से बाहर न निकलें, किसी के प्रेम में न पड़ें, किसी पर भरोसा न करें और किसी के निमंत्रण पर उसके यहां या उसके साथ न जाएं। वे महिलाओं को तो जिम्मेदार ठहरा देते हैं, लेकिन पुरुष की आंखों में उंगली डालकर नहीं कहते कि महिलाओं के साथ अत्याचार करने का पुरुषों को कोई अधिकार नहीं है। यह अजीब है कि घर से बाहर तक लड़कियों-महिलाओं के साथ गलत बर्ताव और यौन हिंसा को अंजाम तो पुरुष देते हैं, लेकिन इन सबके लिए जिम्मेदार महिलाओं को ठहराया जाता है। पुरुषवर्चस्ववादी समाज में पुरुषों की बर्बरता को कमतर करके दिखाने या उन्हें निर्दोष बताने की प्रवृत्ति पुरानी है। जिन लोगों ने निमंत्रण की कहानी को मनगढंत बताया था, उन्हें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की एक खबर से अवगत कराना चाहती हूं, जहां सोलह वर्षीय एक किशोरी के साथ उसके प्रेमी और उसके दो साथियों ने मिलकर बलात्कार किया। तीन युवाओं ने किशोरी को पूरी रात एक परित्यक्त घर में बंधक बनाकर रखा था। सुबह घर लौटी किशोरी ने पिता को सारी बातें बताईं, तो घरवालों ने थाने में रिपोर्ट लिखवाई। निमंत्रण नाम की उपन्यासिका मैंने लड़कियों-महिलाओं को सजग करने के लिए लिखी थी। मैं महिलाओं को यह बताना चाह रही थी कि उन्हें पुरुषों के जाल में नहीं फंसना चाहिए। इसमें संदेह नहीं कि शिक्षा ने आज की बहुत-सी स्त्रियों को जिस तरह आत्मनिर्भर बनाया है, उसी तरह उन्हें सजग भी किया है। लेकिन सभी स्त्रियां शिक्षित और सजग नहीं हैं, इसलिए वे पुरुषों के जाल में आसानी से फंस जाती हैं। हालांकि अनेक शिक्षित और आत्मनिर्भर स्त्रियां भी पुरुषों के धोखे और यौन अत्याचार का शिकार होती हैं। मौजूदा 21वीं सदी में भी स्त्रियों की यह दुर्दशा है, तो इसके लिए पुरुषवादी सोच जिम्मेदार है। लेकिन मैं यहां यह भी बताना चाहती हूं कि शिक्षा ने स्त्रियों के प्रति अनेक पुरुषों की भी सोच बदली है। निमंत्रण उपन्यासिका में भी पुरुषों के लिए संदेश था, और मेरा मानना है कि उसे पढ़कर अनेक पुरुषों ने भी स्त्रियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने के बारे में सीखा या सोचा होगा। लेकिन पुरुषों की बड़ी आबादी की सोच नहीं बदली है, इसी कारण महिलाओं के साथ होने वाली यौन हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं। इस उपमहाद्वीप में धर्म या मजहब का महत्व सामाजिक-राजनीतिक जीवन में बहुत बढ़ा है। देखने वाली बात यह है कि इसके बावजूद स्त्रियों के साथ होने वाली यौन हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। पुरुष चाहता है, स्त्री उसके हिसाब से चले। समाज चाहता है कि स्त्री उसके मुताबिक चले। स्त्री क्या चाहती है, इस बारे में न पुरुष जानने की कोशिश करता है, न ही समाज को इसकी परवाह है। स्त्री क्या चाहती है? मुझे लगता है कि स्त्री की चाह अब भी स्पष्ट नहीं हो पाई है। स्त्री किस तरह अपना जीवनयापन करना चाहती है? मुझे लगता है कि ज्यादातर स्त्रियों में अभी तक यह सोच विकसित नहीं हो पाई है कि अपनी तरह से जीवन जीने का क्या अर्थ है। यह स्वाभाविक भी है। पुरुष रचित धर्म, पुरुष रचित समाज और पुरुष रचित पुरुष तंत्र जिस तरह स्त्रियों को चलाते रहे हैं, स्त्रियां उसी तरह संचालित होती रही हैं। स्त्रियों की खुशी, उसके सपने और उसके सुख वही हैं, जो पुरुष उसे बताता है। यह आकस्मिक नहीं है कि ज्यादातर स्त्रियों की खुशी उनके पुरुषों की खुशियों में है। ज्यादातर स्त्रियों के सपने उनके पुरुषों से जुड़े हैं। ठीक इसी तरह स्त्रियों का सुख उनके पुरुषों के साथ होने और उन्हें सुखी रखने में है। कहीं भी स्त्रियों को स्वतंत्रता नहीं है। पुरुष, परिवार और समाज यह कल्पना तक नहीं कर सकते कि स्त्रियों का जीवन पुरुषों के जीवन से अलग या स्वतंत्र भी हो सकता है। जब तक इस तरह की सोच नहीं बदलेगी, तब तक इस बारे में सोचा भी नहीं जाएगा कि आखिर औरत चाहती क्या है?

# दुनिया मेरे आगे : विरह की भावना को प्रेम में बदलना ही है सकारात्मकता

जीवन जब तक नदी की तरह बह रहा है, तब तक जीवन है। जिस दिन ठहर गया, उस दिन वह दुनिया से बिछड़ गया। इसलिए हम स्मृतियों के समांतर जीने के विकल्प की खोज कर सकते हैं। बाहर दूसरे लोगों की निस्वार्थ सेवा एक ऐसा मार्ग है, जहां हमें सुकून मिल सकता है। अपने किसी प्रियजन को खोने या उनके बिछड़ने के बाद एक ऐसा खालीपन उभर कर सामने आता है, जिसे भरना नामुमकिन-सा रहता है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि उन दो व्यक्तियों में आपसी लगाव किस हद तक रहा और दोनों एक दूसरे के प्रति कितने संवेदनशील रहे या हैं। कई बार यह आपसी लगाव इतना गहरा होता जाता है कि कभी कल्पना में भी बिछड़ने की वे सोच नहीं सकते। किसी ऐसे ही पल में ये पंक्तियां फूटी होंगी कि 'मैं घर में एक कमरा रखूंगाज दूंगा नाम तेरा और उसे तन्हा रखूंगा!' जीवन और मृत्यु का खेल सभी को पता होता है। सभी को किसी न किसी से बिछड़ना है, यह भी पता होता है। मगर फिर भी मन के किसी कोने से इसका भान ही नहीं होता। कुछ समय पहले एक खबर आई कि लंदन में एक महिला है, जो हर दिन सबवे (मेट्रो) स्टेशन में जाकर बैठती है, केवल 1950 में अपने पति द्वारा रिकार्ड की गई घोषणा को सुनने के लिए। 2003 में मार्गरेट के दिल में एक खाली स्थान छोड़कर ओसवाल्ड की मृत्यु हो गई। इसलिए मार्गरेट ने पति की उपस्थिति के अहसास को करीब से महसूस करने का एक तरीका खोजा। और वे उनकी रिकार्ड की हुई सूचना सुनने मेट्रो स्टेशन आने लगीं। आधी सदी से भी अधिक समय के बाद इस आवाज की जगह एक इलेक्ट्रानिक रिकार्डिंग ने ले ली। मार्गरेट ने लंदन ट्रांसपोर्ट कंपनी से यह कैसेट टेप मांगा, ताकि वह घर पर अपने पति की आवाज सुन सके। इस मसले के इतिहास के बारे में जानकारी होने के बाद कंपनी ने उत्तरी लाइन के तटबंध ठहराव पर मार्गरेट के घर के पास वाले स्टेशन पर घोषणा को बहाल करने का फैसला किया, जहां सभी यात्री आज ओसवाल्ड लारेंस की आवाज सुन सकते हैं और यह सोचने के लिए कि शाश्वत प्रेम वास्तव में मौजूद है। खालीपन, अकेलेपन से नितांत अलग है। खालीपन मन के किसी कोने का अहसास है जो सिर्फ वही व्यक्ति भर सकता है जो अब नहीं रहा। जाहिर है, अगर वह व्यक्ति किसी रूप में हमेशा के लिए बिछड़ गया है तो उसकी यादें, तस्वीरें, आवाज, बातें सब सहारा होती हैं उस खालीपन को भरने का। समय की गूंज इतनी तेज होती है कि उस खालीपन के अव्यक्त मौन को भी चीर देती है। जब जेहन में किसी व्यक्ति की यादें भरी होती है तो हर कहीं वही दिखाई देता है। हर परिस्थिति में लगता है उसका साथ होता तो वह अभी क्या-क्या कर रहा होता।

खालीपन उस श्मशान वैराग्य को भी छीन लेता है जो अक्सर कहता है कि कुछ नहीं रखा इस दुनिया में। ऐसे अनचाहे दुख से निपटने के लिए हमें कमर कस कर आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि यह खत्म भी तभी होगा, जब हम चाहेंगे। यह इसलिए भी जरूरी है कि जीवन जब तक नदी की तरह बह रहा है, तब तक जीवन है। जिस दिन ठहर गया, उस दिन वह दुनिया से बिछड़ गया। इसलिए हम स्मृतियों के समांतर जीने के विकल्प की खोज कर सकते हैं। बाहर दूसरे लोगों की निस्वार्थ सेवा एक ऐसा मार्ग है, जहां हमें सुकून मिल सकता है। अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम, महिला सुधार गृह, बाल सुधार गृह, जेल, अस्पताल, गरीब बस्ती आदि ऐसी जगहें हैं, जहां अपने दुख कम ही लगेंगे। यों भी सेवा करने से बहुत सारे आंतरिक सीमाएं टूटती हैं। जब हमारे दुख छोटे होने लगते हैं तो फिर अपनों की याद में हम दूसरों का भला कर सकते हैं। हमारी सारी शिकायतें धुल जाती हैं। सेवा का मार्ग हमें और विस्तृत करता है। मैं, मेरा से निकालकर हमें एक विशाल दुनिया का परिचय करवाता है।

सेवा करते हुए हम पाते हैं कि जिनको हमने खोया है, उन्हीं की याद दिलाते चेहरे हमें हमारी यादें खुशगवार बना देंगे। दूसरा रास्ता है प्रार्थना का, समर्पण का। जिस किसी को भी हम मानते हैं, चाहे वह ईश्वर हो, गुरु हो या फिर कोई और सम्माननीय हों, उन्हें समर्पण कर देना चाहिए और प्रार्थना करना चाहिए कि इस परिस्थिति से निकलने में हमारी मदद करें। कहते हैं,

सच्चे मन से की गई प्रार्थना सुनी जाती है। ध्यान, प्राणायाम ऐसे माध्यम हैं, जो किसी की भी प्रार्थना को श्रेष्ठ बना सकते हैं, उसके समर्पण को मजबूती दे सकते हैं। तीसरा रास्ता है अपनी शक्ति की पहचान। हमारे अंदर एक शक्ति है जो हमें अपने बिछड़े साथी, मित्र, बंधु के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित कर सकता है। हमें उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने में उनके साथ होने का आनंद मिल सकता है।

उनकी याद में गोष्ठी, संगीत, सत्संग, पुरस्कार रख कर हम उन्हें बेहतर ढंग से याद कर पाएंगे। कुल मिलाकर जो बिछड़ गया है, वह हमारी यादों में सकारात्मक रूप से रहे, यही उसके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वयं दुखी होकर या नकारात्मक होकर हम दूसरों के और अपने साथ अन्याय कर रहे होते हैं।

इसलिए आवश्यक है कि हम सकारात्मक रहें। कुछ नुकसान की भरपाई कुछ ठोस काम करके या इसके अलावा सेवा, प्रार्थना, सपने पूरे करके की जा सकती है। विरह की नकारात्मकता को प्रेम में बदलना ही खाली जगह को भरना है और यह भी सत्य है कि केवल हममें से कोई खास ही इसके पीड़ित नहीं हैं, संसार में और भी लोग हैं जो इस स्थिति से गुजर रहे हैं, उसका सामना कर रहे हैं।

# मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में विलंब होने से निर्वाचन आयोग पर सवाल उठना स्वाभाविक

**यानी दोनों चरण में छियासठ फीसद से अधिक मतदान हुए। यह एक संतोषजनक आंकड़ा कहा जा सकता है। मगर विपक्षी दलों ने सवाल उठाया है कि निर्वाचन आयोग ने अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। ये आंकड़े पहले चरण के ग्यारह दिन और दूसरे चरण के चार दिन बाद आए हैं। अभी तक मतदान के चौबीस घंटों में अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे। फिर, विपक्षी दलों ने यह भी पूछा है कि आयोग ने मतदाताओं की संख्या क्यों नहीं बताई है। इस तरह चुनाव नतीजों में गड़बड़ी की शंका भी जाहिर की जाने लगी है। पहले ही विपक्षी दल और कई सामाजिक संगठन मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते रहे हैं।**

मशीनों के जरिए मतदान कराने के पीछे मकसद यही था कि इससे मतगणना में आसानी होगी, मतदान से संबंधित आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। इस आम चुनाव के पहले और दूसरे चरण में कम मतदान के आंकड़े आए, तो निर्वाचन आयोग पर सवाल उठने शुरू हो गए थे कि उसका मतदाता जागरूकता अभियान कारगर साबित क्यों नहीं हो पा रहा। अब उसने अंतिम आंकड़े जारी किए हैं, जो पिछले आंकड़ों से पांच से छह फीसद तक अधिक हैं। यानी दोनों चरण में छियासठ फीसद से अधिक मतदान हुए। यह एक संतोषजनक आंकड़ा कहा जा सकता है। मगर विपक्षी दलों ने सवाल उठाया है कि निर्वाचन आयोग ने अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। ये आंकड़े पहले चरण के ग्यारह दिन और दूसरे चरण के चार दिन बाद आए हैं। अभी तक मतदान के चौबीस घंटों में अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे। फिर, विपक्षी दलों ने यह भी पूछा है कि आयोग ने मतदाताओं की संख्या क्यों नहीं बताई है। इस तरह चुनाव नतीजों में गड़बड़ी की शंका भी जाहिर की जाने लगी है। पहले ही विपक्षी दल और कई सामाजिक संगठन मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते रहे हैं। निर्वाचन आयोग के चुनाव प्रक्रिया और परंपराओं का उचित निर्वाह न करने से उनका संदेह स्वाभाविक रूप से और गहरा होगा। यह समझना मुश्किल है कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। मशीनों के जरिए मतदान कराने के पीछे मकसद यही था कि इससे मतगणना में आसानी होगी, मतदान से संबंधित आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई में हर मतदान केंद्र पर पड़े मतों की संख्या दर्ज होती है। इस तरह हर घंटे मतदान के आंकड़े जारी किए जाते हैं। हालांकि अंतिम आंकड़ा मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या से मिलान करने के बाद ही तय होते हैं। इसलिए मान कर चला जाता है कि मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई से मिले आंकड़ों में कुछ फीसद की बढ़ोतरी हो सकती है। मगर मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या की गणना करने में भी इतना वक्त नहीं लगता। जब इससे पहले मतदान समाप्त होने के अगले दिन अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे, तो इस बार ऐसी क्या अड़चन आ गई कि ग्यारह दिन लग गए। फिर मतदाताओं की संख्या वेबसाइट पर बताने में क्या दिक्कत है। वह तो मतदाता सूची में दर्ज ही होती है। आज के डिजिटल युग में ऐसी सूचनाएं जारी करने में ज्यादा समय नहीं लगता। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बनाए रखे। अगर किसी विषय या बिंदु पर आम लोगों या राजनीतिक दलों को किसी प्रकार का संदेह या प्रश्न है, तो उसका निराकरण भी करे। पहले ही आम मतदाता के मन में यह धारणा बैठी हुई है कि मशीनों में गड़बड़ी करके मतों को इधर से उधर किया जा सकता है। फिर राजनेताओं के आपत्तिजनक बयानों और आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों पर पक्षपातपूर्ण रवैए के आरोप भी निर्वाचन आयोग पर लगते रहे हैं। ऐसे में उससे अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की अपेक्षा की जाती है। चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए आयोग ने बढ़-चढ़ कर दावा किया था कि वह नियम-कायदों की किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा। मगर उसके इस दावे पर भरोसा इस बात से बनेगा कि वह खुद नियम-कायदों की कितनी परवाह करता है।

# कैरियर की अंधी दौड़ का शिकार हो रही युवा पीढ़ी

**जो बच्चे अपनी इच्छा से ऐसा कर रहे हैं उनके सामने तो कोई समस्या नहीं है लेकिन जिन बच्चों की अनिच्छा के बावजूद उन्हें कोटा की कोचिंग फैक्ट्री में धकेल दिया जाता है, उनमें से हताश निराश कुछ बच्चे अपनी जीवनलीला को ही समाप्त कर देते हैं। बीते एक हफ्ते में फिर से दो बच्चों ने अपने मां बाप से क्षमा मांगते हुए अपनी जान दे दी। दोनों के मरने की एक ही वजह थी, कोचिंग की पढ़ाई के बोझ से दबी मासूम जानों का कहना था कि हमसे यह नहीं हो पायेगा। भारत में कैरियर का प्रेशर एक महामारी की तरह फैल रहा है। जीवन जीने के लगभग सभी तरीकों को अप्रासंगिक घोषित करके सिर्फ कुछ तरीकों को सफलता का मानक घोषित कर दिया गया है।**

ऐसे समय में जब देश में आम चुनाव की सरगर्मी चल रही है, उसी समय अलग अलग राज्यों में बारी बारी से बच्चों के दसवीं बारहवीं के रिजल्ट भी आ रहे हैं। जिनका रिजल्ट आ रहा है वो अभी देश के मतदाता नहीं हैं इसलिए उनके लिए चुनाव से ज्यादा जरूरी उनका अपना रिजल्ट है। जो बच्चे दसवीं बारहवीं की परीक्षा अच्छे नंबरों से पास करके कैरियर बनाने के लिए आगे बढ़ना चाहते हैं उनमें कुछ राजस्थान की कोचिंग सिटी कोटा भी पहुंच जाते हैं। 16-17 साल की कच्ची उम्र में जब उन्हें संसार की कोई खास समझ नहीं होती, जीवन के उतार चढाव का कोई खास अनुभव नहीं होता, उस आयु में वे कोटा पहुंचकर अपना कैरियर बनाने में जुट जाते हैं। जो बच्चे अपनी इच्छा से ऐसा कर रहे हैं उनके सामने तो कोई समस्या नहीं है लेकिन जिन बच्चों की अनिच्छा के बावजूद उन्हें कोटा की कोचिंग फैक्ट्री में धकेल दिया जाता है, उनमें से हताश निराश कुछ बच्चे अपनी जीवनलीला को ही समाप्त कर देते हैं। बीते एक हफ्ते में फिर से दो बच्चों ने अपने मां बाप से क्षमा मांगते हुए अपनी जान दे दी। दोनों के मरने की एक ही वजह थी, कोचिंग की पढ़ाई के बोझ से दबी मासूम जानों का कहना था कि हमसे यह नहीं हो पायेगा। भारत में कैरियर का प्रेशर एक महामारी की तरह फैल रहा है। जीवन जीने के लगभग सभी तरीकों को अप्रासंगिक घोषित करके सिर्फ कुछ तरीकों को सफलता का मानक घोषित कर दिया गया है। खासकर मध्यवर्ग के सामने आज जो सबसे बड़ी चुनौती है वह है अपने बच्चे का अपने से बेहतर कैरियर बनाना। मिडिल क्लास के इस %बेहतर कैरियर% की लिस्ट बड़ी छोटी है। सिविल सर्वेन्ट, डॉक्टर, इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर या फिर फाइनेन्सियल सेक्टर जैसे कुछ चुनिंदा क्षेत्र ही हैं जिसे मिडिल क्लास कैरियर की सफलता मान बैठा है। इसलिए इन क्षेत्रों में अपने बच्चों को घुसाने और किसी तरह पास करवा देने के लिए वह न केवल अपनी सारी जमा पूंजी खर्च कर रहा है बल्कि अपने बच्चों पर भी दिन रात पढ़ाई का दबाव बना रहा है ताकि किसी भी तरह से वो इन्हीं कुछ चुनिंदा सेक्टर में वह अपना कैरियर बना ले। मिडिल क्लास को लगता है कि ऐसा हो जाने पर या तो उनका बच्चा विदेश चला जाएगा और विदेश नहीं भी गया तो देश में ही इतना पैसा कमा लेगा कि उसकी जिन्दगी सुख चैन से कट जाएगी। लेकिन जो लोग ऐसा सोचते हैं वो एक बात नहीं सोच पाते कि किसी के भी साथ उसकी इच्छा या रुचि के विपरीत हम उससे जो कुछ करवाते हैं, हम उस पर गुलामी को थोपते हैं। फिर वह भले ही हमारा अपना बच्चा ही क्यों न हो। अगर उसकी इच्छा पढने की नहीं है तो जबर्दस्ती उसको पढाना भी उसके बाल मन के साथ अपराध करना है। अगर वह किसी खास फील्ड में अपना कैरियर नहीं बनाना चाहता तो उस ओर उसे धकेलना भी उसके साथ मानसिक प्रताड़ना और क्रिमिनल एक्ट ही समझा जाएगा। अक्सर ऐसा वही मां बाप करते हैं जो अपनी जड़ों से कट चुके हैं। जिन्होंने अपने जीवन की परंपरागत जड़ों को आधुनिकता की अंधी दौड़ में काट दिया है उनके लिए कैरियर में सफलता जीवन जीने का आधार बन गयी है। कैरियर में सफल नहीं होंगे तो अच्छा पैसा नहीं कमा पायेंगे और अगर अच्छा पैसा नहीं कमा पाये तो %सुख चैन% का जीवन नहीं जी पायेंगे।

इसके साथ ही समाज में व्यर्थ का प्रदर्शन और दिखावा भी कई बार अपने ही बच्चों के साथ अन्याय का कारण बन जाता है जिसका परिणाम कभी कभार आत्महत्या के रुप में सामने आता है। भारत में अभी स्कूलों में भी कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है कि बच्चे को उसकी रुचि के अनुसार शिक्षा दी जाए। यूरोपीय आदर्शों पर विकसित हुए हमारे स्कूल एक ऐसी ÷फैक्ट्री÷ में तब्दील हो गये हैं जहां जैसा भी कच्चा माल जाए उसे एक ही सांचें में ढालकर एक जैसी प्रतिभा के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाता है। क्लर्क और सेवादार पैदा करनेवाली शिक्षा की इस मैकाले प्रणाली से छुटकारा पाने के बजाय हम लगातार इसमें धंसते ही जा रहे हैं। इस प्रणाली की सबसे बड़ी खामी सभी के लिए एक ही प्रकार की शिक्षा है जिसके कारण बच्चे की स्वाभाविक प्रतिभा विकसित होने की बजाय दमित हो जाती है। इस प्रकार की दोषपूर्ण शिक्षा व्यवस्था से निकले किसी बच्चे के सामने सिर्फ एक ही रास्ता बचता है कि वह एक गलाकाट प्रतिस्पर्धा में घुसकर किसी भी तरह से अपने लिए थोड़ी सी जगह बना ले। जगह बन गयी तो वह सफल है और अगर जगह नहीं बन पायी तो वह भी अपने आपको असफल मानता है और लोग भी उसे असफल समझते हैं। सबसे पहले तो हमें जीवन की इस संकुचित और दोषपूर्ण मानसिकता से अपने आपको तथा अपने बच्चों को बाहर निकालना चाहिए। दूसरी बात यह कि लोग किस बात को सफलता मान रहे हैं यह हमारे लिए मानक नहीं होना चाहिए। हमारे लिए जीवन की सफलता वह है जिसमें हम पूर्णता का अनुभव कर सकें।



# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान क्रिकेट सभी मैच लाहौर में करवाने की योजना तैयार कर रहा

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टीम इंडिया के सभी मैच लाहौर में करवाने की योजना तैयार कर रहा है। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकइन्फो के मुताबिक पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच तीन शहरों (कराची, लाहौर और रावलपिंडी) में करा सकता है। इसमें से भारत के सभी मैच लाहौर में हो सकते हैं, ताकि टीम की सिक्योरिटी का मैनेजमेंट सही तरीके से हो सके। इसका एक और कारण यह है कि लाहौर भारत के वाघा बॉर्डर से नजदीक है। पीसीबी के सूत्रों के मुताबिक आईसीसी महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था, जहां उन्होंने पीसीबी के अधिकारियों के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के इंतजामों को लेकर चर्चा की थी और यह सुझाव दिया था कि भारतीय टीम को कम ट्रैवल कराया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीसीबी ने टूर्नामेंट के वेन्यू का ड्राफ्ट आईसीसी को सौंप दिया है। टूर्नामेंट के आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में होना है। वनडे वर्ल्ड कप 1996 के बाद यह पहला मौका है जब पाकिस्तान को किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी दी गई है। अगले ग्राफिक्स में देखिए कि 2024 से 2031 तक कौन डसा आईसीसी टूर्नामेंट किस देश में होने वाला है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने लाहौर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान में होने वाले मैचों का शेड्यूल भेज दिया है। आईसीसी की सिक्योरिटी टीम आई थी और हमारी बहुत अच्छी मीटिंग हुई। हम लगातार आईसीसी के संपर्क में बने हुए हैं। हम इस बात की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि हम अच्छा टूर्नामेंट होस्ट करें।



### टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने पर संशय

पिछले महीने एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इसे एशिया कप की तरह 'हाइब्रिड मॉडल' पर करा सकता है। आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा था, यदि भारत सरकार टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजना नहीं चाहती तो, आईसीसी वहां के बोर्ड पर दबाव नहीं बना सकती है। उसे विकल्प तलाशना होगा।

### भारत के कहने पर एशिया कप के मैच श्रीलंका में हुए थे

पिछले साल भी एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत के वहां नहीं जाने पर यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती थी।

# कोहली के स्ट्राइक रेट पर सवाल नहीं है। आईपीएल और इंटरनेशनल क्रिकेट में अंतर - अगरकर

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कहा- विराट कोहली के स्ट्राइक रेट पर सवाल नहीं है। आईपीएल और इंटरनेशनल क्रिकेट में अंतर है। टीम को अनुभव की जरूरत है। कोहली के चयन से टीम में बैलेंस और पावर मिला है। अगरकर ने मुंबई में बीसीसीआई के हेड क्वॉर्टर में गुरुवार को कप्तान रोहित शर्मा के साथ वर्ल्ड कप टीम के चयन से जुड़े सवालों के जवाब दिए। रोहित ने 4 स्पिनर्स के चयन पर कहा कि हमें इसकी जरूरत थी। हमने वेस्टइंडीज में क्रिकेट खेला है। टेक्निकली स्पिनर्स की जरूरत क्यों है, मैं इसका खुलासा वेस्टइंडीज में ही करूंगा। बता दें कि 2 दिन पहले 30 अप्रैल को सिलेक्शन कमेटी ने 2 जून से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 15 मेंबर्स की भारतीय टीम का ऐलान किया था। केएल राहुल को इस टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि केएल राहुल, शुभमन गिल और रिंकू सिंह को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है।




# भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप मैच की पिच तैयार न्यूयॉर्क के स्टेडियम में लगाई गईं ड्रॉप इन पिचें

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान मुकाबले सहित अगले टी-20 वर्ल्ड कप के 8 मैचों के लिए न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की ड्रॉप-इन पिचें तैयार हो गई हैं। इन पिचों को न्यूयॉर्क से करीब 2 हजार किलोमीटर दूर फ्लोरिडा में बनाया गया है। इसमें ऑस्ट्रेलिया की मिट्टी का इस्तेमाल हुआ है।

न्यूयॉर्क में टी-20 वर्ल्ड कप के 8 मैच खेले जाने हैं। इनमें तीन भारत के मुकाबले भी शामिल हैं। भारत को यहां 5 जून को आयरलैंड से, 9 जून को पाकिस्तान से और 12 जून को अमेरिका से खेलना है। ये सभी मैच पहले राउंड के मुकाबले हैं।



### एडिलेड के क्यूरेटर ने तैयार की हैं पिचें

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की ओर से जारी बयान में बताया गया- न्यूयॉर्क स्टेडियम के लिए 10 पिचें तैयार की गई हैं। इनमें से 4 पिचों पर वर्ल्ड कप के मैच होंगे। बाकी प्रैक्टिस पिचें हैं। सभी पिचें एडिलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई गई हैं, जिसकी अगुवाई एडिलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में ज्यादा इस्तेमाल होती हैं ड्रॉप इन पिचें

ड्रॉप-इन पिच उन पिचों को कहा जाता है जिसे ग्राउंड के बाहर बनाया जाता है और क्रेन की मदद से ग्राउंड में फिट किया जाता है। ऐसी पिचों का कल्चर ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा रहा है। इस तरह की रेडीमेड पिचों का चलन इसलिए शुरू हुआ था ताकि क्रिकेट ग्राउंड्स को दूसरे इवेंट्स के लिए भी इस्तेमाल किया जा सके। इन्हीं मैदानों पर म्यूजिक कॉन्सर्ट, रग्बी और फुटबॉल के मैच भी होते रहे हैं।

वहीं 1970 के दशक में कैरी पैकर ने वर्ल्ड सीरीज क्रिकेट शुरू की थी तब इस तरह की ड्रॉप इन पिचें यूज कीं थी क्योंकि उन्हें कई वैन्यू यूज करने की इजाजत नहीं मिली थी। उसके बाद अब जाड़े के दिनों में ऑस्ट्रेलिया में जिन मैदानों पर फुटबॉल मैच होते हैं, वहां क्रिकेट सीजन में ड्रॉप इन पिचें इस्तेमाल की जाती हैं।

फ्लोरिडा में पिच बनाने का काम जारी है।

### भारत और पाकिस्तान के सभी ग्रुप मुकाबले अमेरिका में

टी-20 वर्ल्ड कप 1 से 29 जून के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। भारत और पाकिस्तान ग्रुप-1 में है। दोनों टीम अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेगी।

# थॉमस कप में इंडोनेशिया से हारा भारत एचएस प्रणय ही जीत सके मुकाबला

**नई दिल्ली।** चीन के चेंगदू में खेले जा रहे थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत को बुधवार को इंडोनेशिया से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इंडोनेशिया ग्रुप सी में टॉप पर है। वहीं भारत दूसरे स्थान पर है। दोनों ही टीमें पहले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। दूसरी ओर, भारतीय विमेंस टीम उबर कप के क्वार्टर फाइनल में जापान से हार का सामना करना पड़ा। थॉमस कप पुरुष टीमों के बीच होने वाला मल्टीनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट है। महिलाओं के इस टूर्नामेंट को उबर कप कहा जाता है। इन टूर्नामेंट में दो टीमों के एक मुकाबले में तीन सिंगल्स और 2 डबल्स मैच खेले जाते हैं इंडोनेशिया के खिलाफ ग्रुप सी के आखिरी मुकाबले में भारत के एचएस प्रणय ही अपना मैच जीत सके। बाकी दो सिंगल्स और दो डबल्स में भारत को हार का सामना करना पड़ा।



### पहले मैच में प्रणय ने जीत दिलाई

मेंस के सिंगल्स में भारत के नंबर एक खिलाड़ी एचएस प्रणय ने शुरुआती मैच में पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एंथनी गिंटिंग को 13-21, 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

### सात्विकसाईराज और चिराग पहला गेम जीतने के बाद मैच गंवाया

दूसरा मैच डबल्स का खेला गया। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी ने पहला गेम 24-22 से अपने पक्ष में कर लिया। वहीं उसके बाद वह इस लय को बरकरार नहीं रख पाए और इंडोनेशियाई ने जोड़ी ने वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा गेम 24-22, 21-19 से जीत कर स्कोर 1-1 की बराबर कर लिया।

# अडाणी एंटरप्राइजेज का चौथी-तिमाही में मुनाफा 38 प्रतिशत घटकर 450 करोड़, कंपनी की आय करीब 1 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने यानी गुरुवार को QyFY24 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 38 प्रतिशत घटकर 450.58 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड शुद्ध मुनाफा ?722.48 करोड़ रहा था। वहीं पिछली तिमाही में यह 1,888.45 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार पर कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 76.14 प्रतिशत घटा है।

रिजल्ट के साथ ही अडाणी एंटरप्राइजेज के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अपने निवेशकों को प्रति शेयर 1.3 रुपए का डिवेडेंड, यानी लाभांश देने की भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। ऑपरेशंस से चौथी तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू (आय) सालाना आधार पर 0.81 प्रतिशत बढ़कर 29,180.02 करोड़ रुपए रहा। पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी अवधि में ये ?28,943.84 करोड़ रुपए रहा था।



पिछली तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू 25,050.23 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार पर कंपनी का रेवेन्यू 13.45 प्रतिशत घटा है। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी के कंसॉलिडेटेड मुनाफे में 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। FY24 में कंपनी का कंसॉलिडेटेड मुनाफा 3,240.78 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष यानी FY23 में अडाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा 2,472.94 करोड़ रुपए रहा था। रिजल्ट आने के बाद कंपनी का शेयर आज 0.84 प्रतिशत गिरकर 3,029 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप भी 3.46 लाख करोड़ रुपए हो गया है। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर करीब 6 प्रतिशत से ज्यादा घटा है। वहीं पिछले छह महीने में इसका शेयर 35 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले एक साल में इसने निवेशकों को 65 प्रतिशत रिटर्न दिया। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अडाणी ग्रुप की कंपनियों का एक हिस्सा है। 1988 में गौतम अडाणी ने एंटरप्राजेज की स्थापना की थी। कंपनी के चेयरमैन गौतम अडाणी, मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश अडाणी और सीईओ विनय प्रकाश हैं। कंपनी एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम करती है। अडाणी एंटरप्राइजेज देश का सबसे बड़ बिजनेस इनक्यूबेटर है। यह कंपनी एनर्जी एंड यूटिलिटी, ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स, कंज्यूमर गुड्स और प्राइमरी इंडस्ट्री के क्षेत्र में काम करती है।

# आधार हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ 8 मई को ओपन होगा, 3,000 करोड़ जुटाना चाहती है कंपनी

**नई दिल्ली।** फाइनेंस कंपनी आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ 8 मई को ओपन होगा। कंपनी इसके जरिए 3,000 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इस आईपीओ में कंपनी 1,000 करोड़ के लिए 3.17 करोड़ नए शेयर्स जारी करेगी।

वहीं, ऑफर फॉर सेल यानी ह्लस्न्स से कंपनी 6.35 करोड़ शेयर्स बेचकर 2,000 करोड़ जुटाएगी। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 8 मई से 10 मई तक बोली लगा सकेंगे। 15 मई को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।




### मिनिमम और मैक्सिमम कितना पैसा लगा सकते हैं?

कंपनी ने इस आईपीओ का प्राइस बैंड 300 से ?315 प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ के अपर प्राइस बैंड 315 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,805 निवेश करने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट, यानी 611 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 199,892 इन्वेस्ट करने होंगे।

### 35 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व

कंपनी आईपीओ का अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा गया है। इसके अलावा मिनिमम 35 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी 15 प्रतिशत हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है।

### कम आय वाले लोगों को हाउसिंग लोन देती है कंपनी

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 2010 में बनी थी। कंपनी कम आय वाले लोगों को हाउसिंग लोन देती है। कंपनी मुख्य रूप से देश के टियर 4 और टियर 5 शहरों में ग्राहकों को सर्विस देती है।

कंपनी हाउसिंग और कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की खरीद और कंस्ट्रक्शन के लिए मॉर्गेज लोन देती है। 30 सितंबर, 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी के पास देश के 20 राज्यों में 91 सेल ऑफिस सहित 471 ब्रांच का नेटवर्क है।

# टीरा ब्यूटी ने लॉन्च किया नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 'नेल्स आवर वे'

**नई दिल्ली।** सौंदर्य उत्पादों के बाजार में टीरा ब्यूटी ने एक बार फिर हलचल मचा दी है। रिलायंस रिटेल से जुड़ी टीरा ब्यूटी ने अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स की रेंज को मजबूती देते हुए एक नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 'नेल्स आवर वे'लॉन्च किया है। इस नई नेल पॉलिश प्रोडक्ट लाइन में, प्रीमियम नेल कलर और केयर उत्पादों की एक विस्तृत रेंज ग्राहकों को मिलेगी। कंप्लीट लुक की चाह रखने वाले ग्राहकों के लिए 'नेल्स आवर वे' के प्रोडक्ट्स, ऑफिस से लेकर शादी समारोह तक के लिए परफेक्ट मैच है। 'नेल्स आवर वे' के बोल्ड और चमकदार रंगों वाले इस कलेक्शन में कई तरह की नेल पॉलिश शामिल हैं, जिनमें जेल वेल, स्विफ्ट ड्राई, ब्रीथ अवे और ट्रीट कोट नेल खास हैं। प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों में साथ देने वाले इस कलेक्शन में खूबसूरती के साथ नाखूनों को पोषण और सुरक्षा देने वाले प्रोडक्ट्स का भी लंबा लाइन-अप है। नो बंप बेस, क्यूटी केयर और टफन अप सॉल्यूशन सहित कई बेहतरीन नेल केयर उत्पाद प्रोडक्ट लाइन का हिस्सा हैं। मैनीक्योर के शौकिन ग्राहकों के लिए फ्रेंच %एम अप और 'नेल्ड इट' जैसी किट्स भी उपलब्ध हैं। %नेल्स आवर वे% कलेक्शन के प्रोडक्ट्स को टीरा ब्यूटी डॉट कॉम पर ऑनलाइन देखा जा सकता है।




# रूस से सस्ता तेल खरीदने से कम हुआ आयात बिल, आठ अरब डॉलर तक की हुई बचत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद रूस से सस्ता तेल खरीदना जारी रखने की भारत की रणनीति कामयाब रही है। इसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों के दौरान देश के तेल आयात बिल में न केवल लगभग 7.9 अरब डॉलर की बचत हुई और बल्कि चालू खाता घाटे को कम करने में भी मदद मिली।

व्यापार ट्रैकिंग एजेंसियों केप्लर और एलएसईजी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल में भारत ने एक महीने पहले की तुलना में अधिक रूसी तेल का आयात किया। हालांकि इराक और सऊदी अरब से कम तेल आयात किया। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता रहा और उसके बाद इराक और सऊदी अरब रहे है।




अप्रैल में रूस से तेल आयात में जहां 13-17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई वहीं इराक से तेल आयात में 20-23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि मात्रा के संदर्भ में, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 11 महीनों में रूस से आयातित कच्चे पेट्रोलियम की हिस्सेदारी बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई है।

वित्त वर्ष 2021-22 में यह हिस्सेदारी दो प्रतिशत थी। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत की हिस्सेदारी घटकर 23 प्रतिशत पर आ गई है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यक्तिगत संपर्क पर दिया जायेगा विशेष जोर

## सरल, सुगम, निष्पक्ष, निर्विघ्न तथा शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराने के लिए रहेंगी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं

**इन्दौर।** इंदौर संभाग में लोकसभा निर्वाचन के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने इंदौर संभाग में निर्वाचन संबंधी तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर उसे क्रियान्वित किया जाये। इसके लिए घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जाये। इसके लिए गॉव वार दल बनाये जाये। इस बैठक में बताया गया कि सरल, सुगम, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से निर्विघ्न मतदान कराने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्थाएं रहेंगी। गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर छाया, शीतल जल, बैठने की व्यवस्था, पंखे, ओआरएस सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी। मतदान दिवस पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेंगे।

रेसीडेंसी के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में स्टेट पुलिस नोडल अधिकारी अंशुमन सिंह, संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर इंदौर राकेश गुप्ता, आईजी अनुराग, इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विवेक श्रोत्रिय, संभाग के डीआईजी, जिलों के कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों और व्यवस्थाओं की जिले वार समीक्षा की।



**स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव के लिए आयोग है सतर्क और गंभीर**

समीक्षा के दौरान राजन ने कानून व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति, महिला तथा दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्रों, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन तथा मानव संसाधन की उपलब्धता, पोस्टल बैलेट, वाहनों की उपलब्धता, नाको पर की जा रही चैकिंग आदि की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान पूर्ण सावधानी और सतर्कता बरती जाये। स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर आयोग सतर्क और गंभीर है। उन्होंने निर्देश दिये कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ एनएसए व जिलाबदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए, जिससे आम मतदाताओं में विश्वास कायम हो और वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

**अंतर्राज्यीय व अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे रहेगी विशेष निगरानी**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि अंतर्राज्यीय व अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखें। अवैध धन, मदिरा व अन्य मादक पदार्थ व अवैध हथियारों सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त करें। साथ ही इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाईकी जाये। उन्होंने बाण्ड ओवर की कार्रवाई में तेजी लाने और जिलाबदर आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश भी दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि एसएसटी, एफएसटी व वीएसटी पूरी तरह मुस्तैद व सतर्क होकर काम करें। राजन ने बल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रो में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिन भवनों में पाँच या उससे अधिक मतदान केन्द्र हैं वहाँ अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश भीदिये गए। साथ ही कहा जिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है वहाँ अतिरिक्त मतदान कर्मियों की तैनाती करें, जिससे मतदान सुचारू रूप से चलता रहे।

**मतदान में बाधा डालने वाले तत्वों पर निगरानीके लिए रहेगी वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था**

राजन ने कहा कि मतदान में बाधा डालने वाले तत्वों पर निगरानी रखने के लिये क्रिटिकल (संवेदनशील व अतिसंवेदनशील) मतदान केन्द्रों के भीतर व बाहर सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाएँ। साथ ही इन कैमरों से होने वाली वेब कास्टिंग की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था करें , जिससे यदि किसी केन्द्र पर मतदान में अनियमितता दिखाई दे तो तत्काल कार्रवाई की जा सके।

## लोकसभा आम निर्वाचन-2024

# सेक्टर ऑफीसर एवं पुलिस सेक्टर ऑफीसरों की बैठक सम्पन्न जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**रायसेन।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में आगामी 07 मई को मतदान होगा। निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में सांची विधानसभा के सेक्टर ऑफीसर तथा पुलिस सेक्टर ऑफीसरों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल तथा सांची विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार तथा एसडीएम पीसी शाक्या भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर अधिकारी तथा पुलिस सेक्टर अधिकारी अपने-अपने मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि का भी अवलोकन करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्णतः पालन कराते हुए मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना है। मतदान दिवस के पूर्व तथा मतदान दिवस पर की जाने वाली कार्यवाहियों से भलींभाति अवगत रहें। मतदान दिवस पर मॉकपोल तथा मतदान प्रक्रिया निर्धारित समय पर प्रारंभ हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य बीएलओ, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूहों द्वारा मतदान केन्द्र क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। सेक्टर अधिकारी और पुलिस सेक्टर अधिकारी भ्रमण के दौरान इन गतिविधियों की भी जानकारी लें। साथ ही उन्हें निर्देशित करें कि सभी मतदाताओं को यह बताना है कि मतदान करने के लिए मतदाता पर्ची के साथ वोटर आईडी कार्ड या अन्य निर्धारित 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र में से कोई दस्तावेज साथ लाना जरूरी है। मतदान दिवस पर सतत् केन्द्रों का भ्रमण करें तथा प्रत्येक मतदाता मतदान केन्द्र आकर मतदान करें, यह सुनिश्चित कराएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक शहवाल ने पुलिस सेक्टर अधिकारियों से कहा कि वह सेक्टर अधिकारियों के साथ समन्वय रखें तथा मतदान केन्द्रों का सतत् भ्रमण करें। मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व भी मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदानकर्मियों से संवाद करें। सभी को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से मतदान सम्पन्न कराना है। सांची विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी लें तथा बीएजी ग्रुप के सदस्यों द्वारा की जा रहीं स्वीप गतिविधियों की मॉनीटरिंग भी करें।

## चले बूथ की ओर

# पनवाडा में दूल्हे को मतदान के लिए आमंत्रण

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड के नेतृत्व में जिले में चले बूथ की ओर कार्यक्रम के तहत सभी ग्रामों एवं मतदान केन्द्र अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बूथ लेबल अवेयरनेस ग्रुप एवं अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा लोगों की मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से घर-घर जाकर पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र भेंट किये जा रहे है। मतदाता जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जा रहा है तथा मेंहदी रचाकर तो कही गीत-संगीत एवं नुक्कड नाटको के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम पनवाडा में दूल्हा बने रिंकू आदिवासी को भी 7 मई को मतदान करने के लिए पीले चावल भेंटकर आमंत्रण पत्र सौपा गया।



ग्राम रीछी, टिकटोली, मोरावन, बाढ, कारनखेडा, मोराई, आवदा, कलारना, जाखदा, बर्धा बुखारी, धनायचा, झरेर, हीरपुर, ज्वालापुर, गढला, बरगवा, भूरवाडा सहित अन्य ग्रामो में मतदाताओं को घर-घर जाकर पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र भेंट किये गये। सेंसईपुरा एवं पटोदा में रैलियां निकालकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया।

# सावधानी हटते ही करंट से हो सकती हैं दुर्घटनाएं

**भोपाल।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जनता को आगाह किया है कि जरा सी असावधानी करंट से बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर रखें।

विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आँधी तूफान में खंबे, तार आदि टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल कंपनी के शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें। आमजन विशेष रूप से ध्यान दें कि यदि जमीन पर बिजली के तार टूटे पड़े हैं तो उन तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें साथ ही उनके ऊपर से निकलने का प्रयास न करें। पान - टपरों तथा ऐसी दुकानों जिनमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पी.वी.सी. पाईप के द्वारा ही कराई जाए। किसी प्रकार की कटी-फटी लूज वायरिंग से जान-माल का खतरा हो सकता है। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे, स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी न करें। करंट से सावधानी जरूर बरतें ताकि किसी तरह की कोई बड़ी दुर्घटना न घटे। हमारी सावधानी ही करंट से बचाव करने में सहायक है।

# 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक बंद रहेगी शराब दुकाने

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी लोकेश कुमार जांगिड द्वारा लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदान तिथि 07 मई के 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस आदेश के अनुसार श्योपुर जिले की सभी मदिरा दुकाने, होटल, बार पूर्णतः बंद रहेगे। इसके साथ ही मतगणना दिवस को भी शुष्क दिवस रहेगा।

जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत श्योपुर जिले की श्योपुर एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्रो में 07 मई को मतदान होगा, इसके 48 घंटे पूर्व की अवधि दिनांक 05 मई को सांयकाल 6 बजे से 07 मई को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किये गये है। इसी प्रकार मतगणना दिवस 04 जून को भी शुष्क दिवस घोषित किया गया है, उक्त आदेश के अनुसार मतदान दिवस 07 मई से 48 घंटे पूर्व से तथा मतगणना दिवस 04 जून को जिले की सभी मदिरा की दुकाने एवं होटल, बार पूर्णतः बंद रहेगे।

# आंगन अपनों का : क्या पल्लवी पप्पी मेहरा को बेनकाब करने की योजना में सफल होगी?

सोनी सब का 'आंगन अपनों का' एक पारिवारिक ड्रामा है, जो पल्लवी शर्मा (आयुषी खुराना) की कहानी दिखाता है, जिसका शादी को लेकर अनोखा दृष्टिकोण है, और वह अपने पिता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने ससुराल में खुद को साबित करने की चुनौतियों का सामना करती है। हाल के एपिसोड्स में, पप्पी मेहरा (अश्विन कौशल) की धोखेबाज़ी के कारण अवस्थी परिवार को काफी अपमान सहना पड़ा और जेल जाना पड़ा, हालाँकि, पल्लवी के बहनोई राकेश (यश पंडित) ने परिवार को बचाने के लिए कदम उठाया और उन्हें जेल से रिहा कराया।

आगामी एपिसोड्स में, पल्लवी के पति आकाश (समर वरमानी) को एक और मुश्किल हालात का सामना करना पड़ता है जब उसकी नौकरी चली जाती है, क्योंकि उसे होटल से सूचना मिलती है कि वे जेल जाने वाले किसी भी व्यक्ति को नौकरी पर नहीं रख सकते हैं। उसकी माँ अपर्णा (कशिश दुग्गल), इस अपमान से निराश होकर, अपना दुःख व्यक्त करती है। इस बीच, पल्लवी सबके समने पप्पी के धोखे को उजागर करने और अपने परिवार को निर्दोष साबित करने की अपनी कोशिश में दृढ़ बनी हुई है। कानूनी रास्ता अपनाने को लेकर आकाश की सतर्क सलाह के बावजूद, पल्लवी, अपने ससुर सुरेश (सागर सैनी) और चाचा सुभाष (विनायक भावे) के साथ मिलकर, पप्पी को उसके ही धोखेबाज़ी के खेल में फंसाने के लिए एक साहसिक योजना बनाती है। वह हैरान रह जाती है, क्योंकि कॉन्स्टेबल और पप्पी के साथी अमित टंडन (मनीष



कौशल) की प्रेमिका, नीतू (नीवा मलिक) को जब पता चलता है कि उसका प्रेमी उसे भी धोखा दे रहा है, तो वह भी पल्लवी के साथ शामिल हो जाती है। पल्लवी की योजना सामने आती है, और दीपिका (नीता शेट्टी) एनआरआई की भूमिका निभाती है, जो अपनी संपत्ति एक प्रमुख डीलर को बेचना चाहती है, जबकि उसका पति वरुण (वसीम मुश्ताक) उसके ड्राइवर की भूमिका निभाता है। राकेश इस योजना के लिए अपने कार्यालय की जगह की पेशकश करता है, लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण दीपिका को इस योजना से पीछे हटना पड़ता है, जिससे तन्वी (अदिति राठौर) को यह भूमिका निभाने के लिए आगे आना पड़ता है। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता है, ड्रामा से भरपूर समापन का मंच तैयार होता है।

**इस ड्रामे का निष्कर्ष क्या होगा?**

पल्लवी की भूमिका निभा रही आयुषी खुराना ने कहा, पल्लवी एक दृढ़संकल्पित महिला है, जो अन्याय को बर्दाश्त नहीं करती है और इसके खिलाफ लड़ने से पीछे नहीं हटती है, खासकर जब उसके परिवार की प्रतिष्ठा की बात हो। भले ही आकाश उसका समर्थन नहीं कर रहा है, वह परिवार को निर्दोष साबित करने और उनका सम्मान पुनः हासिल करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पल्लवी को खुद पर अटूट विश्वास है, जिसने उसे अतीत में अनगिनत चुनौतियों से जीतने में मदद की है। आगामी एपिसोड्स पल्लवी के सफर को दर्शाएँगे, जहाँ वह पप्पी के धोखे को उजागर करने के लिए अपना जाल बिछाते हुए, और रास्ते में कई बाधाओं को पार करती है।

# एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड'

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में नजर आने वाली गतिशील वृद्धि का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक न्यू फंड ऑफर (एनएफओ)- 'एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड' की घोषणा की है। निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करने वाला यह फंड एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। इस फंड का उद्देश्य निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करना है, जिससे निवेशकों को अग्रणी भारतीय बैंकों की विकास यात्रा में सीधे भाग लेने के लिए एक मैकेनिज्म प्रदान किया जा सके।

**(निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करने वाला ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड) मुख्य विशेषताएं-**

- श्रेणी- ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड
- बेंचमार्क- निफ्टी बैंक टीआरआई
- फंड मैनेजर- कार्तिक कुमार, आशीष नाइक
- एनएफओ खुलने की तिथि- 3 मई, 2024
- एनएफओ बंद होने की तिथि- 17 मई, 2024
- न्यूनतम निवेश- 500 रुपये और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में
- एग्जिट लोड-
- यदि आवंटन/निवेश की तिथि से 7 दिनों के भीतर रिडीम/स्विच आउट किया जाता है- 0.25 प्रतिशत
- यदि आवंटन/निवेश की तिथि से 7 दिनों के बाद रिडीम/स्विच आउट किया जाता है- शून्य

एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, ''हमारे देश की आर्थिक प्रगति के पीछे अनेक कारण हैं और अगर प्रभावी ढंग से प्रगति की इस रफ्तार को समझा जाए, तो हमारी विकास कहानी में देश को एक प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ाने की क्षमता है। इस पृष्ठभूमि में ही देश का बैंकिंग क्षेत्र विकास और लचीलापन प्रदर्शित करना जारी रखता है। एक मजबूत नियामक ढांचे और डिजिटल बैंकिंग को तेजी से अपनाने से प्रेरित होकर, यह क्षेत्र निरंतर विस्तार के लिए अच्छी स्थिति में है। एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड निवेशकों को इस विकास अवसर का लाभ उठाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इनोवेशन पर जोर देने और उच्चतम शासन मानकों का पालन करने से भी बैंकिंग सेक्टर को बहुत फायदा मिलता है, जिससे भारत के बैंकिंग परिदृश्य को एक नई पहचान देने वाले परिवर्तनकारी रुझानों का हम लाभ उठा सकते हैं।''

कार्तिक कुमार और आशीष नाइक द्वारा प्रबंधित, इस फंड का उद्देश्य ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन, निफ्टी बैंक टीआरआई के कुल रिटर्न के अनुरूप व्यय से पहले रिटर्न प्रदान करना है। हालाँकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि योजना का निवेश उद्देश्य प्राप्त होगा।

इस इंडेक्स में भारत के कुछ सबसे बड़े और सबसे अधिक लिक्विड बैंकिंग स्टॉक शामिल हैं, जो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण सेगमेंट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

एक्सिस एएमसी के चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर आशीष गुप्ता ने बताया, ''यह फंड निवेशकों के लिए बैंकिंग क्षेत्र में निवेश करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। बैंकिंग सेक्टर का देश के आर्थिक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और बढ़ते वित्तीय समावेशन और अधिक बेहतर बैंकिंग सेवाओं की ओर बदलाव के साथ, यह क्षेत्र महत्वपूर्ण रिटर्न की संभावनाएं प्रदान कर सकता है।''

# व्यापारियों को पीले चावल देकर मतदान के लिए किया आमंत्रित

**ग्वालियर ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।



नगर निगम ग्वालियर के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्र अधिकारियों के निर्देशन में निरंतर चल रहीं स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से आमजन को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसमें गुरूवार को ''चलें बूथ की ओर'' अभियान अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 272-274 अंतर्गत सनातन धर्म मंदिर, अचलेश्वर मंदिर व चेम्बर ऑफ कॉमर्स आदि के पास व्यापारी वर्ग एवं पथ विक्रेताओं को पम्पलेट एवं पीले चावल देकर 7 मई को मतदान करने की अपील की गई। इसके साथ ही नोडल अधिकारी जनकल्याण श्रीमती पूर्वी अग्रवाल के निर्देशन में स्वीप अभियान के अंतर्गत छावनी क्षेत्र मुरार के तिकोनिया, बंगाली कॉलोनी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा सभी को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही मतदान केंद्र क्रमांक 258-259 अंतर्गत जेसी मिल क्षेत्र, हजीरा चौराहा के पास श्रमिक वर्ग एवं कामकाजी महिला मतदाताओं को पम्पलेट एवं पीले चावल देकर मतदान करने की अपील की गई।

# मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड के निर्देशानुसार तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अतेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह के निर्देश अनुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत बढाये जाने के लिए विभिन्न प्रकार के स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में पीजी कॉलेज श्योपुर में ईएलसी क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ विपिन बिहारी शर्मा, डॉ ओपी शर्मा तथा क्लब प्रभारी प्रेमचंद एक्का की उपस्थिति में आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में रोशनी जाटव एवं गीता प्रजापति ने प्रथम, कृष्णा प्रजापति ने द्वितीय तथा हर्षिता जागा एवं तानिया जाटव, टीना वर्मा ने प्राप्त किया।

# केन्द्रीय विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त सीट पर प्रवेश 8 तक

**सीहोर।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा नये शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए समय-सारणी जारी कि गई है। जारी सूची के अनुसार चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश का आरंभ शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत चयनित, सेवा श्रेणी वरीयता क्रम श्रेणी, में शामिल आरक्षित कोटे में भरी सीटों के बाद रिक्त सीट पर प्रवेश 8 मई 2024 तक शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत एवं अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (NCL) प्रवेश के लिए दूसरी अधिसूचना (कक्षा-I) यदि पर्याप्त आवेदन पत्र प्राप्त ना हुए हों तो 8 मई से 15 मई तक तथा सूची का प्रदर्शन 22 मई से 27 मई के मध्य किया जायेगा।

केन्द्रीय विद्यालय द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसारकक्षा -XI को छोड़कर अन्य सभी कक्षाओं के प्रवेश की अंतिम तिथि 29 जून,2024 तककेवि के छात्र, छात्रा कक्षा- XI में प्रवेश के लिए पंजीकरण Within 10 days after the declaration of class X result, केवि के छात्र,छात्रा कक्षा XI की प्रवेश सूची जारी करना एवं प्रवेश Within 20 days after declaration of class X results, गैर केवि के छात्र, छात्रा कक्षा-ङ्गद्ध में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रवेश सूची जारी करना एवं प्रवेश रिक्तियाँ होने की स्थिति में After the admissions of KV students in class XI, कक्षा -XI के प्रवेश की अंतिम तिथि 30 days from the date of declaration of class-X results by CBSE निर्धारित।

समस्त पंजीकृत बच्चों की सूची, प्रवेश- योग्य बच्चों की सूची, प्रवेश के लिए अंतिम चयनित बच्चों की श्रेणी- वार सूची, प्रतीक्षा-सूची व उत्तरवर्ती सूचियों को संबन्धित केन्द्रीय विद्यालय के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करने के साथ- साथ विद्यालय की वैबसाइट पर देना अनिवार्य है।यदि पंजीकरण के लिए निर्धारित प्रारम्भिक,अंतिम तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश का दिन है, तो अगला कार्य दिवस स्वीकार्य होगा।

# कसस में सुनीता महिला प्रांतीय अध्यक्ष एवं धर्मेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष मनोनीत





**ग्वालियर।** आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ-कसस के संस्थापक प्रांतीय अध्यक्ष डॉ जवर सिंह अग्र ने कसस में राम रक्षा पनिका को प्रांतीय महासचिव एवं रीवा संभाग का प्रभारी, श्रीमती सुनीता सिंगोरिया को प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं इंदौर संभाग प्रभारी तथा धर्मेंद्र सिंह को जिला सतना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष डॉ जवर सिंह अग्र द्वारा तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपने-अपने संभाग और जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ को मजबूत करने के साथ-साथ ही संघ का सदस्यता अभियान चलाकर जिला अध्यक्ष अपने जिले में कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश दिए है।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है अंचल के लाखों लोगों को: शिवमंगल सिंह





## भाजपा प्रत्याशी ने अनेक ग्रामों में किया सघन जनसंपर्क

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा गत दिवस दिमनी व सिहौनिया क्षेत्र के अनेक गांवों में सघन जनसंपर्क किया गया। श्री तोमर ने ग्राम महूरी, कोलुआ, भिड़ौसा, लेपा, सांगोली, मानपुर, इकहरा, पुरावस खुर्द, पुरावस कला, सिकरोड़ी, बेहड़ खड़िया, बाबरीपुरा, लल्लूबसई, गोपी आदि गांवों में सघन जनसंपर्क किया। इस अवसर पर उनके साथ अरुण तोमर डायरेक्टर इफको, अशोक तोमर, नारायण तोमर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

इस अवसर पर शिवमंगल सिंह तोमर ने सभी मतदाताओं से कहा कि वे आगामी 07 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा अम्बाह, सिहौनिया, दिमनी, पोरसा आदि क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछा दिया है। घर-घर शौचालय बनाये गये हैं। इतना ही नहीं अमृत योजना के तहत गांव-गांव में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी 5 वर्षों तक गरीब परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न देने की बात कही गई थी, उसी के तहत इस क्षेत्र के हजारों लोग निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। हमारे नेता नरेन्द्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष इस क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। भारतीय जनता पार्टी ही वह पार्टी है जो सभी लोगों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। यदि आप लोगों ने मुझे जिताया तो निश्चित रूप से मैं अंचल का समग्र विकास करूंगा। लोगों की समस्याओं को सुलझाने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी। निश्चित रूप से इस बार भी केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। भाजपा का मिशन 400 पार है। इस मिशन में आप भी अपना सहयोग प्रदान करें। और देश के विकास में सहयोगी बनें।

# वैश्य समाज के लोग कोई भी अवैध कार्य नहीं करते : रमेश गर्ग





## बसपा प्रत्याशी ने सबलगढ़ में चुनावी सभा में की अपने पक्ष में मतदान की अपील

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** हमारे वैश्य समाज के लोग बहुत ही सहज व सरल होते हैं। इनमें कोई भी आपको शराब माफिया, जमीन पर कब्जा या खेत पर कब्जा करने जैसे काम करता हुआ नजर नहीं आएगा। यही कारण है कि हर समाज क्षत्रिय समाज से पहले बनिया को ही वोट देना पसंद करेंगे। यदि बहुजन समाज भी एकजुट होकर बसपा के पक्ष में मतदान करे तो हमें जीतने से कोई नहीं रोक सकता। यह बात बसपा प्रत्याशी रमेशचंद गर्ग ने गुरुवार को सबलगढ़ में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

बसपा प्रत्याशी गर्ग ने कहा कि जब मैंने अपने समाज का संगठन बनाने का प्रयास किया तब लोगों ने कहा था कि यह कार्य मेंढकों की तौल जैसा है, लेकिन मैंने बहन मायावती व कांशीराम जी से सीख लेकर बहुजन समाज की तरह समाज को संगठित करने का प्रयास किया और यह प्रयास एकदम सफल रहा। गर्ग ने उदाहरण देते हुए कहा कि अंबाह-पोरसा इलाके में बनिया व्यापारी समाज ऐसे रहता है जैसे 32 दांत के बीच में जीभ क्योंकि वह इलाका तोमरों से घिरा हुआ है, इसलिए वे भयभीत होकर कार्य करते हैं, लेकिन दो दिन पहले जब हम अंबाह पोरसा पहुंचे तो पूरा समाज हमारे साथ सड़क पर उतर आया था कि इस बात का हमें गर्व है। उन्होंने बहुजन समाज से अपील करते हुए कहा कि यदि आप सब भी पूरी तरह एक हो गए तो चुनाव जीतना तय है। दोनो पार्टीयों के प्रत्याशी क्षत्रिय समाज से हैं और हर समाज क्षत्रिय समाज से ज्यादा बनिया समाज को सहज व सरल समझता है इसलिए वह बनिया को पहले वोट देना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं दलबदलुओं की तरह नहीं हूं सिद्धांत की रानजीति ही करूंगा। अपने भाषण में रमेश गर्ग ने बहुजन समाज को एक बार फिर भरोसा दिलाया कि राजनीतिक जीवन की शुरूआत बसपा से की है और इस पार्टी को छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा। बसपा प्रत्याशी ने मंच से एलान किया कि सांसद चुने जाने के बाद बसपा को इतना मजबूत कर लिया जाएगा कि मध्यप्रदेश में कोई भी पार्टी बिना बसपा की मदद से अपनी सरकार नहीं बना सकेगी। उन्होंने कहा कि बहिन ममता मौर्य को आगामी नगरीय निकाय के चुनावों में मेयर बनवाकर ही रहेंगे। इसके लिए हम यहां सोशल इजीनियरिंग फॉर्मूले पर काम करेंगे।

### शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं फ्री

चुनावी जनसभा में रमेशचंद गर्ग ने कहा कि आप लोगों ने यदि मुझे चुना तो सबसे पहला काम गरीब बच्चों के लिए फ्री शिक्षा व्यवस्था करना होगा इस काम के लिए सरकारी मदद नहीं मिलेगी तब भी अपने व्यापारी भाईयो की मदद से यह व्यवस्था बनाई जाएगी। फ्री स्वास्थ्य सेवाएं दिलाना भी हमारा ध्येय होगा, मोहल्ला क्लीनिकों के अलावा हमारा प्रयास होगा कि व्यापारी भाईया को मदद से एक ऐसा बड़ा अस्पताल खुलवाया जाए जहां सभी को ना कुछ खर्च के स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। साथ ही युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा।

# 'एक शाम मतदाताओं के नाम' कार्यक्रम आज

## शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय के प्रांगण में शाम 6 बजे से होगा कार्यक्रम

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** स्वीप गतिविधि के तहत आज शाम 6:00 बजे शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर 'एक शाम मतदाताओं के नाम' कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम ग्वालियर के सुप्रसिद्ध संगीतकार संजय वैशाली धूपर द्वारा मतदाता जागरूकता थीम पर गीत प्रस्तुत किए जायेंगे।



कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप गतिविधि के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना, स्वीप जिला नोडल अधिकारी इच्छित गढ़पाले, नगर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान के निर्देशक मार्गदर्शन में प्रतिदिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु नवाचार किया जा रहा है। आज इसी क्रम में 'एक शाम मतदाताओं के नाम' संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान के महत्व को जानते हुए 07 मई को अधिक से अधिक मतदान करें। इसी थीम पर 'एक शाम मतदाताओं के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# चलो बूथ की ओर अभियान के तहत मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

## नगर निगम मुरैना द्वारा 06 मई तक चलाया जाएगा अभियान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना, जिला स्वीप नोडल अधिकारी इच्छित गढ़पाले, नगर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व मार्गदर्शन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी 256 मतदान केंद्र पर मतदाता मित्र द्वारा चलो बूथ की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को शहर के 40 मतदान केन्द्रों पर चलो बूथ की ओर अभियान के तहत मतदाता मित्रों ने मतदाता जागरूकता रैली, शपथ, रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया और सभी मतदान बूथों के मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन 2024 में 07 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि चलो बूथ की ओर अभियान नगर निगम द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर चलाया जा रहा है। इस हेतु आयुक्त द्वारा दल भी गठित किए गए। दल में सामुदायिक संगठन मनीषा प्रजापति, मालती गुप्ता, मधु पाराशर, बलवीर कुशवाहा, सोनू शर्मा, अभिषेक घुरैया, राहुल टुंडेलकर, गौरव मंगल, रंजीत घुरैया, विवेक पाराशर, आनंद परमार की ड्यूटी लगाई गई है। चलो बूथ की ओर अभियान में बड़ी संख्या में मतदाता भी मौजूद रहे।



# प्रभु को जीवन अर्पण करना ही सच्चा समर्पण है: कृष्णा दीदी





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुख शांति भवन सब्जी मंडी रोड पोरसा सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारी प्रियंका बहन का अलौकिक समर्पण दिवस मनाया गया। आज ही के दिन बहन ने अपना सर्वस्व जीवन प्रभु को समर्पित कर अपने जीवन की बागडोर स्वयं परमात्मा को सौंपी थी। शादी करने के बाद लोग एक परिवार को संभालते हैं और सुबह से शाम इस गृहस्थी में बिता देते हैं लेकिन आध्यात्मिकता के लिए किसी के पास समय नहीं बचता, जब परमात्म समर्पण करते हैं तब अपना जीवन किसी एक परिवार को नहीं, किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व कल्याण के लिए सफल करते हैं। विश्व कल्याण अर्थ सेवा करने से हमें सर्व की दुआएं वा आशीर्वाद मिलते हैं। लड़की शादी करने के बाद सबके आगे झुकती है लेकिन यहां परमात्मा हमें सबसे ऊंचा उठा देते हैं, जिसका साथी स्वयं भगवान हो उसे किसी के सामने कभी झुकने की आवश्यकता नहीं। परमात्मा से अच्छा कोई हमसफ़र नहीं होता क्योंकि वह हमारा इस जन्म में और मरने के बाद भी साथ कभी नहीं छोड़ता, इसलिए चाहो तो सिर्फ भगवान को ही चाहो। आज बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा भगवान को अपना सच्चा साथी बताया एवं अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने आज के दिन का आनंद लिया।

# नगर पालिका ने रैली निकाल कर 7 मई को मतदान करने की अपील की

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/पोरसा।** नगर पालिका परिषद पोरसा के द्वारा सीएमओ अवधेश सिंह सेंगर की नेतृत्व में झंडा चौक पोरसा से एक विशाल रैली निकाली गई। रैली में लगभग एक सैकड़ा समाजसेवी व कर्मचारी शामिल हुए। इन सभी ने दुकानदारों से एवं घर में निवास करने वाले लोगों से 07 मई को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। मतदान करना हर एक आम नागरिक का अधिकार है, उसका उपयोग करना चाहिए। इस रैली में सीएमओ अवधेश सिंह सेंगर, सब इंजीनियर संजय वर्मा, देवेंद्र राजोरिया, कुम्बेर सिंह, रामदीन, दिनेश सहित एक सैकड़ा कर्मचारी व समाजसेवी रैली में साथ चल रहे थे। दुकानदारों से मिलकर दुकानदारों को मतदान का महत्व समझाया।



# अभा विद्यार्थी परिषद ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/पोरसा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष राहुल दिनेश शर्मा के द्वारा आज शहर की कई गलियों में घर-घर जाकर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया तथा लोगों को मतदान का महत्व समझाया। हर आम आदमी की एक ताकत होती है मतदान करना। प्रत्येक व्यक्ति को अपना मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। अपनी मनपसंद की सरकार और अपना मनपसंद प्रतिनिधि चुनना चाहिए।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष राहुल दिनेश शर्मा, मंत्री अरुण पेगोरिया, अंशुल तोमर, रामप्रताप, अभिषेक शर्मा, अभिषेक सिंह तोमर आदि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पदाधिकारीगण गांधीनगर, रामनगर, पुराना खेरा, पुरानी बस्ती आदि जगह पहुंचकर लोगों को मतदान का महत्व समझाया। इन उपरोक्त इलाकों के लोग मतदान को कभी महत्व नहीं देते थे, इसलिए इनको मतदान का महत्व समझना बेहद आवश्यक समझते हुए घर-घर जाकर बताया कि मतदान करने से हम अपने मनपसंद का प्रतिनिधि तथा अपनी मनपसंद की सरकार चुन लेंगे तथा मनपसंद प्रतिनिधि चुन लेंगे और उनसे अपना और अपने इलाके की समस्याओं का समाधान करायेंगे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के कई पदाधिकारीगण साथ चलते रहे।

# जनपद सीईओ मुरैना ने मतदान मित्रों को दिया प्रशिक्षण

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार ऐसे समस्त मतदान केन्द्र जहां 1200 प्लस मतदाता हैं, ऐसी जनपद पंचायत मुरैना की विधानसभा-मुरैना, सुमावली व दिमनी के समस्त मतदाताओं को वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिये 02 मई को मतदान मित्रों को प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में मास्टर ट्रेनर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुरैना महावीर जाटव ने दिया।

# लोकतंत्र के पर्व को सफल बनायें मतदाता: जिला निर्वाचन अधिकारी

## जिले के मतदाताओं से मतदान करने की अपील


-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन 2024 में पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर 07 मई, 2024 को मतदान करने की अपील की है।



कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिले के मतदाताओं से कहा है कि 07 मई को अपने घर से निकलकर सबसे पहले अपने मतदान केंद्र में मतदान करने जायें। भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मतदान कर देश का गौरव बढ़ायें। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। जिले के मतदाता इस जिम्मेदारी को निभाते हुये मतदान करना नहीं भूलें। लोकसभा क्षेत्र निर्वाचन में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयरहित वातावरण में विधि-सम्यक मतदान संपन्न कराने की सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जा रही हैं। सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अरुण शर्मा का दिल का दौरा पड़ने से निधन



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पहाड़गढ़ निवासी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अरुण शर्मा का गुरुवार की सुबह ह्रदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पहाड़गढ़ के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र ने दी। डॉ. शर्मा के निधन पर जिले भर के पत्रकारों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना की है।

# यात्री बस ने बाइक को टक्कर मारी, एक की मौत, एक घायल

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** एनएच-44 हाईवे पर एक तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा बुरी तरह घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार रामनिवास 40 पुत्र रामप्रकाश निवासी पिपरसा और उसका भाई तिलक सिंह गुर्जर 30 अप्रैल को बाइक पर सवार होकर एनएच-44 हाईवे पर जा रहे थे। जब उनकी बाइक एसआरडी कॉलेज के सामने से गुजर रही थी। तभी बस क्रं. यूपी80-एफटी-9107 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान रामनिवास की मौत हो गई। सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी बस चालक के विरुद्ध धारा-304ए का मामला दर्ज कर लिया है।

# रंगोली बनाकर नागरिकों को मतदान के महत्व की जानकारी दी

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर पालिका अम्बाह द्वारा स्व-सहायता समूहों की दीदियों की उपस्थिति में स्वीप गतिविधियां आयोजित की। जिसमें रंगोली और स्लोगन के माध्यम से नागरिको को मतदान के महत्व की जानकारी दी।वहीं 7 मई, 2024 को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की।

# सीआरपीएफ व स्थानीय पुलिस बल ने दिमनी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर किया फ्लैग मार्च

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये प्रशासनिक अधिकारी गांव-गांव भ्रमण करके लोगों को मतदान करने के लिये समझाईश दे रहे है। इसके अलावा दिमनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गत दिवस कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा सीआरपीएफ व स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से विभिन्न मतदान केन्द्रों पर फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें ग्राम पंचायत, चिंते का पुरा, वित का पुरा, बिरहरूआ, रिठौरापुरा, चांदपुर, मिरघान, रथोलपुरा, बड़ागांव में क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर भ्रमण किया।



# निडर होकर मतदान करने के लिए पुलिस और सेना के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/पोरसा।** सभी मतदाता निडर होकर वोट डालें इसके लिए टीआई रामनरेश यादव एवं सेना की टोली के द्वारा विभिन्न ग्रामों में निकालकर सुरक्षा का आश्वासन प्रदान किया। एसपी के निर्देश में सेना के जवान एवं पुलिस थाना पोरसा के टीआई रामनरेश यादव, उपेन्द्र पाराशर, रमेश चंद्र शर्मा, सुरेश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह तोमर, सीताराम सिंह, हरेन्द्र सिंह जादौन, शिवम सिंह यादव आदि व पुलिस फोर्स के द्वारा जोटई, धर्मगढ़, रायपुरा, पद्दूपुरा, चंदोखर, खोयला, नाहरपुरा, रावतपुरा, जगदीशगढ़, आदि ग्रामों में पैदल प्लेग मार्च निकाला तथा असामाजिक तत्वों में भय पैदा किया गया। लोगों को निडर होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# 05 मई को शाम 6 बजे थम जायेगा चुनाव प्रचार

## मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से सार्वजनिक सभा पर रहेगा प्रतिबंध

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मुरैना-श्योपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 07, मई 2024 को मतदान कराया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के अंतर्गत मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टे पूर्व से सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध रहेगा। यह अवधि 05 मई को शाम 6 बजे से प्रारंभ होकर 07 मई को शाम 6 बजे समाप्त होगी। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए कोई भी सार्वजनिक सभा या जूलूस आयोजित नहीं करेगा। सिनेमा घर, केबल नेटवर्क, टेलीवीजन या अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रकाशन प्रचार-प्रसार नहीं करेगा। इस अवधि में नुक्कड़ नाटक, संगीत सभा या अन्य मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों से भी चुनाव प्रचार अथवा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## पृष्ठ एक का शेष

### *45 सालों में इतनी महंगाई कभी...*

जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, मधुराज सिंह तोमर, मानवेन्द्र सिंह गांधी आदि मौजूद थे।

**मेरे मन में देश प्रेम कितना है कैसे समझाऊं?**

प्रियंका गांधी ने कहा कि जब मैं पिता के टुकड़े घर लाई तो मैं देश से नाराज थी। उनके टुकड़े देश के झंडे में लिपटे हुए थे। मैं समझती हूं शहादत का क्या मतलब है। आज मैं 52 साल की हूं। मैंने पहली बार यह बात सार्वजनिक की है। लेकिन, मेरी नाराजगी थी। इस नाराजगी को लेकर मैंने समझा कि आप उसी से नाराज होते हैं, जिससे प्रेम करते हैं। मेरे देश के लिए मेरे मन में कितना प्रेम है, ये मैं कैसे समझाऊं। मेरे देश को विरासत में धन नहीं मिला, मेरे पिता को विरासत में शहादत मिली।

**मोदी जी नहीं समझ सकते यह भावना**

प्रियंका ने आगे कहा कि आप समझ सकते हैं। इस देश के किसान हो। इस देश की मुट्ठी आपने अपने पसीने से सींची है। आपने अपने बेटे भेजें हैं शहादत पर। जब आपके बेटे शहीद होते हैं देश के लिए तो मैं जानती हूं कि आपके दिल में क्या भावना है। क्योंकि वही भावना मेरे दिल में है। जो पुलवामा में शहीद हुए उनमें कुछ परिवार यूपी के थे। मैं उनके घर गई। उन परिवारों में जो बच्चे बचे थे, उन्होंने मुझसे कहा दीदी मुझे भी सेना में भर्ती होना है। एक लड़की थी, उसका भाई एयरफोर्स में था। उसने कहा दीदी मैं एयरफोर्स में भर्ती होकर पायलेट बनूंगी। यही है शहादत की भावना। मोदी जी नहीं समझ सकते।

**मेरे भाई पर इतने केस डाल दिए कि वो इधर से उधर जाता है**

प्रियंका ने कहा कि मोदी जी इंदिरा गांधी जैसी शहीद के बारे में उल्टी-सीधी बात करते हैं। जो मोदी जी इस भावना को देखकर सिर्फ परिवारवाद देखते हैं। देशभक्ति नहीं देखते। देश की सेवा नहीं देखते। वो इस भावना को नहीं समझ सकते। मैं आपको ये कहने आई हूं। हमें देशद्रोही कहें। हमें घर से निकाल दें। मेरे भाई को संसद से निकाल दिया। हम पर केस डाले। मेरे भाई पर इतने केस डाल दिए। कभी इधर कभी उधर, कभी गुजरात में, कभी बिहार में जाता है कोर्ट-कचहरी। कुछ भी कर लें। मार डालें। लेकिन ये भावना हमारे दिल से कोई नहीं निकाल सकता।

# साध्वी ने कहा- सिंधिया वंश वो चिराग है जो हमारे घर में उजाला करता है

**ग्वालियर।** पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का कहना है कि मेरे भतीजे में मेरे प्राण बसते हैं और ना मैं भूलूंगी और न बीजेपी भूलेगी, जब जब हम सत्ता में पराजित हुए हैं तब तब सत्ता में वापस लाने का काम सिंधिया परिवार ने किया है। एक बार अम्मा जी ने किया था और वही काम सिंधिया ने किया जब कांग्रेस की सरकार को गिराकर बीजेपी की सरकार बनाई, इसलिए सिंधिया वंश वो चिराग है जो हमारे घर में उजाला करता है।



पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शुक्रवार को ग्वालियर प्रवास पर आई थी। ग्वालियर में पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा किइस देश में संविधान खत्म करने का काम कांग्रेस ने किया है। जब इमरजेंसी लगाई थी तो इसका कारण इंदिरा जी का चुनाव हारना था। हिंदू और सिख दंगे हुए भारत का विभाजन हुआ। यह संविधान खत्म करने का मसला था। अब कांग्रेस का भाग्य संकट में है। उनका सितारा डूब रहा है, लेकिन राहुल सोनिया अपने आपको खुद देश समझने लगे थे। प्रियंका गांधी द्वारा मंगलसूत्र के बयान पर उमा भारती ने कहा कि कारगिल में इतने जवान शहीद हुए हैं और इंदिरा, राजीव जी की शहादत को भी हम नहीं भूल सकते है। लेकिन इंदिरा और राजीव जी की शहादत पर प्रियंका और राहुल गांधी राजनीति कर रहे है यह शर्मनाक है।

# मिली कमियां, 108 एम्बुलेंसों का किया निरीक्षण

ग्वालियर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. राजौरिया ने 108 एम्बुलेंस के जिला नोडल अधिकारी आई.पी. निवारिया को निर्देश दिए की ग्वालियरवासियों को बेहतर 108 एम्बुलेंसों की सेवा मिलती रहें इस हेतु नियमित निरीक्षण करें। जिस पर आई.पी. निवारिया ने दो 108 एएलएस सीजी 04 एन.यू. 5303 एवं सीजी 04 एन.यू. 3668 को चैक किया जिनमें व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं लेकिन उन्होंने दो और 108 जननी एक्सप्रेस सीजी 04 एन.यू. 9040 एवं सीजी 04 एन.यू. 9042 को चेक किया जिसमें 9040 एम्बुलेंस में सेवलोन एक्सपायरी डेट की मिली जिस पर उन्होंने नाराजगी



व्यक्त करते हुए तत्काल मौके पर हटवाई, साथ ही उन्हें प्राथमिक उपचार में उपयोग होने वाली कैंची नहीं मिली।

उसके बाद उन्होंने सीजी 04 एन.यू. 9042 को चेक किया जिसमें अनट्रेंड ड्राइवर मिला जिसे कुछ भी 108 जननी एम्बुलेंस के बारे में पता नहीं था उन्होंने मौके पर जय अम्बे इमरजेंसी सेवा के जिला मैनेजर गोपाल नेगी से कहा कि इन्हें तत्काल ट्रेनिंग दिलवायें उसके बाद इनका परिचय पत्र बनायें तभी गाड़ी सौंपें। साथ ही ऐसी स्थिति पुनः किसी भी एम्बुलेंस में न मिले इस बात का विशेष ध्यान रखें उन्होंने उनसे यह भी कहा कि अगर आप नियमित निरीक्षण करते तो यह स्थिति न मिलती,निरीक्षण के दौरान उन्हें एम्बुलेंस में प्राथमिक उपचार में उपयोग होने वाली सामग्री उपयोग करने लायक नहीं मिली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. राजौरिया ने कहा कि जो कमियां मिल रही हैं उनके सम्बन्ध में हम एमडी एन.एच.एम. मध्यप्रदेश को कार्यवाही हेतु पत्र लिखेंगे।

# पदमाराजे विद्यालय की छात्राओं के लिये समर कैंप शुरू

**ग्वालियर** । सीएम राइज शासकीय पदमाराजे विद्यालय में बुधवार से समर कैंप शुरू हो गया, जो 17 मई तक चलेगा। समर कैंप का समय प्रातः 8 से 11 बजे तक का है। जिसमें छात्राएं खेलकूद, संगीत, नृत्य और पेंटिंग प्रदर्शनी आदि गतिविधियां सीखेंगी।

शासकीय पदमाराजे कन्या विद्यालय सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि बीते साल की तरह इस साल भी छात्राओं के लिये ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर के माध्यम से बच्चों में शारीरिक व मानसिक और बुद्धि विकास के साथ साथ रचनात्मक कामों के प्रति रूचि पैदा करना है। 17 दिवसीय शिविर में छात्राओं को संगीत, नृत्य और पेंटिंग की कलाओं के बारे में सीखने का अवसर मिलेगा। वहीं खेलकूद के माध्यम से खेल भावना भी विकसीत की जायेगी। छात्रायें अपने मनपसंद खेल खेलकर शारीरिक व मानसिक विकास शिविर के माध्यम से कर सकती है। शिविर के समापन पूर्व विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागी छात्राओं को सीएम राइज स्कूल की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी वर्गों का विशेष ख्याल रखा: उप मुख्यमंत्री

## 70 साल का गरीब या अमीर कोई भी इस योजना का लाभ उठा सकता है






**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल गुरुवार को ग्वालियर ओर भिंड के दौरे पर थे । गुरुवार को उन्होंने ग्वालियर विकास मंच द्वारा आयोजित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र पर चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल से लोगों ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में संवाद किया जिसका उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने लोगों के प्रश्नों का जवाब दिया। इस अवसर पर ग्वालियर विकास मंच के राजकुमार गुप्ता (प्रिंस), भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लोकेंद्र पाराशर, जिला महामंत्री भाजपा विनय जैन, विनोद शर्मा, दिलीप तपा, अनुपम तिवारी, केशव वैश्य, मनोज चौरसिया सहित ग्वालियर विकास मंच के पदाधिकारी एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता सोनी ने किया।

इस मौके पर श्री शुक्ल ने आयुष्मान भारत योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रांतिकारी फैसला बताते हुए कहा आज देश के 55 करोड़ लोग इस योजना के दायरे में है।

उन्होंने यहां लोगों से संवाद करते हुए कहा कि यह योजना सबके लिए हैं और इसमें धर्म जाति का कोई भेदभाव नहीं है। इस योजना में सामाजिक और आर्थिक आधार पर लोगों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि अब इस योजना के अंतर्गत 70 साल के उम्र के बुजुर्गों को भी योजना के दायरे में लाया गया है। डिप्टी सीएम श्री शुक्ल ने कहा कि बुजुर्गों को इसके दायरे में लाए जाने के साथ उन्हें सामाजिक और आर्थिक प्रतिबंध से दूर रखा गया है। यानी कोई भी बुजुर्ग वह गरीब हो या अमीर मुफ्त इलाज का पात्र हो सकता है। यहां लोगों से संवाद करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया पहली बार रीवा में एक गरीब व्यक्ति का आयुष्मान भारत योजना के तहत किडनी ट्रांसप्लांट किया गया।

इस मौके पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये गए ऐतिहासिक फैसलों का ज़िक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने तय किया है कि दूर दराज में रहने वाले किसी भी मरीज को आपात चिकित्सा के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर सीएमएचओ ऐसे व्यक्ति को तत्काल इलाज की अनुशंसा करते हैं तो उसे हेलीकॉप्टर की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। ताकि उसे समय रहते इलाज मिल सके। डिप्टी सीएम श्री शुक्ल ने कहा कि अक्सर आपने सुना होगा कि पैसे ना होने के कारण निजी अस्पताल मरीज के मृत शरीर को उसके परिजनों को देने से इनकार कर देते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने आदेश दिए हैं कि कोई भी अस्पताल अब ऐसा नहीं कर सकता है।

# वनिता जागृति मंच ने 'मतदान हमारा अधिकार' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** साहित्य एवं संस्कृति को समर्पित संस्था वनिता जागृति मंच मन से मन तक द्वारा आयोजित गोष्ठी बहुत ही सरस वातावरण में सम्पन्न हुई। जिसकी मेजबानी दुर्गेश गुप्ता ने की। संस्था की संस्थापक भारती जैन 'दिव्यांशी' एवं सचिव रमा गोलश की विशिष्ट उपस्थिति में बहुत ही यादगार, लाजवाब एवं प्रशंसनीय कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम का बहुत ही संतुलित और सफल संचालन वनिता जागृति मंच की संचालक महिमा जैन 'सुधी' ने किया।




समूह की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही संस्था के सदस्यों एवं उपस्थित अन्य लोगों को वरिष्ठ साहित्यकार भारती जैन 'दिव्यांशी' एवं अध्यक्ष निधि गुप्ता द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्य रीना जैन, प्रेरणा गुप्ता, आरती जैन, मीरा गुप्ता, किरण जैन, दुर्गेश गुप्ता, भारती गुप्ता,मंजू गुप्ता, मनीषा भारद्वाज, रमा गोलश, महिमा जैन, भारती जैन, निधि गुप्ता आदि ने उपस्थित होकर इस बात पर विचार- विमर्श किया कि मतदान का दिन सिर्फ एक छुट्टी का दिन नहीं होता बल्कि मतदाताओं को प्राप्त अधिकार के उपयोग का दिन होता है, जिससे हम विकास हेतु एक उचित व्यक्ति का चयन कर सकते हैं। अंत में दुर्गेश गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# 17 क्लब और पदाधिकारियों का किया सम्मान

**- लायन क्लब की कांफ्रेंस अक्षरा का हुआ आयोजन**

**ग्वालियर।** लायंस क्लब डिस्ट्रिक 3233, ई, 1 के अंतर्गत रीजन 15 के चेयरपर्सन लायन सीएस तोमर की अध्यक्षता में रीजन कांफ्रेंस अक्षरा रेशमतारा में आयोजित की गई। कार्यक्रम में इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन जीतेंद्र चौहान, इवनिंग स्टार ऑफप्रांतपाल ओपी गग्गर, मल्टीपाल चेयरपर्सन लायन रोशन सेठी, पूर्व प्रांतपाल प्रभा सिंघी, ललिता मेहता, सुमेर जैन, विकास गंगवाल, नितिन मांगलिक, सुधीर बाजपाई, लायन जुबेर रहमान, भूपेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम डायरेक्टर प्रांतीय सचिव




लायन राजेश बनवारी, रीजन सचिव लायन राज शिवहरे आदि उपस्थित रहे।बैनर परेड चेयरपर्सन संजीव निगोतिया थे। प्रांतपाल द्वारा जेडसी लायन सुमन मदान, रजनीश निखरा, आशीष सिंघल को इंटरनेशन सर्टिफिक्रेट दिया गया। सभी क्लब के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष को प्रांत की पिन दी गई। साथ ही 14 नए सदस्य बनाने के लिए लायन मीनाक्षी गोयल अनुभूति की अध्यक्ष को इंटरनेशन डायरेक्टर की जीवनसंगनी लायन बबिता चौहान द्वारा इंटरनेशन पिन से नवाजा गया। मल्टीपल चेयरपर्सन लायन रोशन सेठी द्वारा सभी अध्यक्ष को मल्टीपल पिन दी गई। मंच संचालन नवीन कोठारी शिल्पा और संदीपा ने किया। कार्यक्रम में 800 लोगों ने शिरकत की। रीजन ऑफ ग्वालियर अवार्ड लायन जुबेर रहमान, स्टार ऑफद लायन भूपेंद्र सिंह तोमर, प्राइड ऑफ द लायन सुमन मदान को दिया गया। बेस्ट बैनर परेड में दिशा प्रथम रही।

# राजकुमार कालेज रायपुर ने जीती प्रतियोगिता

**ग्वालियर।** सिंधिया स्कूल दुर्ग में इंडियन पब्लिक स्कूल कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत खेले गए ÷ऑल इंडिया इंडियन पब्लिक स्कूल कॉन्फ्रेंस अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट÷ पर राजकुमार कालेज रायपुर ने कब्जा जमा लिया।

गुरूवार को खेले गए फाइनल मैच में राजकुमार कॉलेज रायपुर का मुकाबला एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर के साथ हुआ। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमराल्ड हाइट्स स्कूल ने 20 ओवरों में पाँच विकेट खोकर 116 रन बनाए। इसके जवाब में




राजकुमार कॉलेज रायपुर ने 16.2 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 117 रन बना लिए। राजकुमार कॉलेज रायपुर की ओर से वेदांश ने 71 रनों की शानदार पारी खेली और रचित ने 41 रनों का योगदान दिया। इस प्रकार राजकुमार कॉलेज रायपुर ने यह फाइनल मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। राजकुमार कॉलेज रायपुर के वेदांश को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। समापन समारोह में सिंधिया स्कूल के प्राचार्य अजय सिंह, उपप्राचार्या सुश्री स्मिता चतुर्वेदी, बरसर कर्नल (रिटा) डी.के. फरसवाल, गतिविधि प्रभारी धीरेंद्र शर्मा ने सभी प्रशिक्षकों व संचालन समिति को स्मृति चिह्न प्रदान किए व टीमों को पुरस्कृत किया।

# शत-प्रतिशत मतदान की स्वप्रेरणा के साथ दौड़े हजारों युवा

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रन फॉर डेमोक्रेसी मैराथन आयोजित की गई। मैराथन को कटोराताल पर अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया, डॉ रवि अम्बे, अखिल भारतीय खेलो भारत गतिविधि प्रमुख प्रदीप शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर किया।

मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरित की गई। शत-प्रतिशत मतदान के संदेश को लेकर आयोजित मैराथन पुरूष एवं



महिला दो वर्गों में सम्पन्न हुई। जिसमें ग्वालियर के 8 वर्ष के अंकेश, 74 वर्ष के बुजुर्ग माहुरे के साथ साथ हजारों विद्यार्थी, युवा, वृद्ध महिला, पुरूष प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और शत-प्रतिशत मतदान कर राष्ट्रहित में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का व्यापक संदेश दिया। यह मैराथन, थीम रोड कटोरा ताल से प्रारंभ होकर एमएलबी कॉलेज, साइंस कॉलेज, प्रभा होटल चौराहा, ब्रिज, आरोग्यधाम हॉस्पिटल चौराहा से होती हुई गुजरी और जिसका समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह जीवाजी विश्वविद्यालय पर हुआ। मैराथन में विजेताओं को शील्ड एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

# 14 हजार वाउंडओवर कर 2500 वारंटी पकड़े, शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिये पुलिस सतर्क: एसपी धर्मवीर

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक और निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिये ग्वालियर पुलिस बेहद सतर्क हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने दावा किया कि कहीं भी चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर 5 मिनट में पुलिस टीमें पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि 8 कंपनी पैरामिलेट्री फोर्स की भी लगाई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शांति बने रहे और मतदान शांतिपूर्वक निर्विघ्न संपन्न हो, इसकी उनकी (पुलिस की) पूरी तैयारी है। पूरे जिले का पुलिस फोर्स, सशस्त्र बल की कंपनियां सभी मतदान केन्द्रों पर लगाई गई है। इसके अलावा 8 कंपनियां पैरामिलेट्री फोर्स की भी लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पुलिस प्रशासन की पूरी नजर है और खुफिया तंत्र भी हमारा सतर्क है। पुलिस किसी भी गड़बड़ी की सूचना पर तत्काल 5 से 10 मिनट में पहुंचेगी और व्यवस्था बनाये रखेगी।



एसपी धर्मवीर सिंह ने ग्वालियर जिले में हमने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 14 हजार लोगों को विभिन्न शिकायतों व दर्ज मामलों में वाउंडओवर किया है। इसके अलावा 2500 वारंटी गिरफ्तार किये हैं जिनकी विभिन्न मामलों में तलाश थी। इसके साथ ही 700 से ज्यादा विभिन्न मामलें दर्ज हुये हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि 3 करोड़ रूपये की नगद राशि भी अलग-अलग परिवहन में जब्त की गई है। लगभग 100 लोगों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में पुलिस व्यवस्था हेतु 40 मोबाइल थाना प्रभारी बनाये गये हैं। वहीं 15 मोबाइल राजपत्रित पुलिस अधीक्षक अलग से फील्ड में तैनात रहेंगे, इसके साथ ही 200 मोबाइल वाहन पुलिस अलग से दौड़ेगी। कुल मिलाकर हमारा ध्येय शांतिपूर्वक व निर्विघ्न चुनाव कराना हैं।

पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग की मंशानुसार हमने निर्विघ्न चुनाव के लिये पूरी जमावट की है और वह स्वयं चुनावी पुलिस व्यवस्था की मानीटरिंग कर रहे हैं। इसके लिये जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ वह विभिन्न मतदान केन्द्रों व तहसील स्तर पर भ्रमण कर चुके हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्वालियर जिले से लगी विभिन्न मार्गो की सीमा व थानों पर 27 जगह नाकाबंदी भी की गई है, जहां पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी निगाह रखे हुये हैं।

# पुलिस ने आदतन अपराधी मन्टो गुर्जर, रामविलाश गुर्जर व करतार सिंह गुर्जर को जिलाबदर किया

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक जिला मुरैना द्वारा जिला मुरैना के समस्त थाना क्षेत्र के ऐसे आपराधिक तत्वों जिनके विरूद्ध 02 या 02 से अधिक अपराध हैं उनके विरूद्ध जिलाबदर अथवा एन.एस.ए. की कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त थाना प्रभारीगण जिला मुरैना को निर्देशित किया गया। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द ठाकुर के निर्देशन एवं आदर्शकांत




शुक्ला (भापुसे) एसडीओपी बानमोर के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में कार्य. निरीक्षक जितेन्द्र दोहरे थाना प्रभारी रिठौराकलां द्वारा थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये गये, जिस पर से थाना क्षेत्र के आदतन अपराधी मन्टो पुत्र करतार सिंह गुर्जर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बड़वारी, करतार सिंह पुत्र रतीराम सिंह गुर्जर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खेरिया एवं रामदास पुत्र रामेश्वर सिंह गुर्जर उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम खेरिया चुन्हेटी मुरैना को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर करते हुए जिला बदर का अन्तिम आदेश पारित किया गया एवं उक्त आदेश के पालन में थाना रिठौराकलां पुलिस द्वारा दिनांक 02.05.2024 को उक्त आदतन अपराधीगण मन्टो पुत्र करतार सिंह गुर्जर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बड़वारी, करतार सिंह पुत्र रतीराम सिंह गुर्जर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खेरिया एवं रामदास पुत्र रामेश्वर सिंह गुर्जर उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम खेरिया चुन्हेटी को 01 वर्ष के लिए मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर रहने की समझाइश देकर जिला धौलपुर राजस्थान की सीमा छोड़ा गया। उक्त आदतन अपराधी मन्टो पुत्र करतार सिंह गुर्जर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बड़वारी पर 04 अपराध, करतार सिंह पुत्र रतीराम सिंह गुर्जर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खेरिया पर 10 अपराध एवं रामदास पुत्र रामेश्वर सिंह गुर्जर उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम खेरिया चुन्हेटी मुरैना पर 05 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं।

### *सराहनीय भूमिका*

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जिनेन्द्र कुमार दौलो थाना प्रभारी रिठौराकलां मय हमराह फोर्स सउनि कमल सिंह दौहरे, प्रधान आरक्षक अरूण सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, प्रधान आरक्षक सुबोध भटेले, आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह, अनिल सिंह, शेर सिंह, अरविन्द सिंह व आरक्षक चालक भूरालाल की सराहनीय भूमिका रही।

# गांजा तस्कर को एक वर्ष का सश्रम कारावास, जुर्माना भी लगाया

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** षष्ठम अपर सत्र न्यायालय मुरैना द्वारा गांजा तस्करी के केस में एक आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा दी है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर अपर लोक अभियोजक ने की। घटना इस प्रकार है कि दिनांक 03.04.22 को थाना बानमोर के एसआई पीयूष राठौर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति बुद्धिपुरा के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर खड़ा है। उक्त सूचना के आधार पर मौके पर एक व्यक्ति मिला। जिसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राममूर्ती पुत्र प्रयाग सिंह रावत निवास गाँव टुडीला थाना जौरा का होना बताया। जिसकी तलाशी में 4 किलो 500 ग्राम गांजा मिला, जिसकी मौके पर संपूर्ण कार्यवाही कर चालान पेश किया गया, जिसमें आई साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार जुर्माना की सजा दी है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर अपर लोक अभियोजक ने की है।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरुकृपा प्रकाशन प्रेस ,टी.आई.टी कॉम्पलेक्स मुरैना से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिसर नवीन नगर निगम मुख्यालय के सामने सिटी सेंटर ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। R.N.I. No. MP HIN/2007/ 18763
सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, स्थानीय संपादक संजय त्रिपाठी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा। फोन: 0751-2234001 मो. 94251-26060, 9425360435